कुमारी ममता बैनर्जी (कलकत्ता दक्षिण) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहती हूं कि स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को एक स्लोगन दिया था "जय जवान, जय किसान," लेकिन हम उस नारे को भूल गये। आज हम कहते हैं कि, "We are self-sufficient, and we want to be self-sufficient." हमें किसानों को ज्यादा महत्व देना है लेकिन यह सच है कि चाहे आंध्र प्रदेश हो, बंगाल हो, कर्नाटक हो या केरल हो, everywhere the farmers became the victims of the circumstances. I do not know why. मैं दो-तीन बातों की ओर माननीय कृषि मंत्री शरद पवार जी का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगी जो कि बहुत ही सीनियर लीडर हैं। आजादी के 59 सालों के बाद एक रिव्यू करा लीजिए - What was the amount of agricultural land? कितनी जमीन थी और अब कितनी है - हमारा देश में हरित क्रांति हुई है, लेकिन आज कितनी नॉन एग्रीकल्चरल लैंड है और कितनी एग्रीकल्चरल लैंड है? A huge area of land have been given for non-agricultural purposes. Please transfer back the same agricultural land. I am not speaking against anybody. I am not against industries. But the Government must formulate certain policy for the agricultural land. ये लैंड किसी को नहीं देनी चाहिए। अगर हम एग्रीकल्चरल लैंड दे देंगे, तो किसान कैसे खेती करेंगे? You would appreciate. Unemployment problem is too high in our country. So, here I would stress for the full review of the policy on agriculture. Today, what is the situation of the agriculture labour, the landless labour and the poor farmers? इसे रिव्यू करना बहुत जरूरी है। स्वामीनाथन कमेटी बनाई गई, अगर ऐसा होगा, तो देश में फूड क्राइसिस हो जाएगा। यह सच है। यहां हमारे दोस्त मौजूद हैं और वे अपनी बात भी कहेंगे। मैं एक उदाहरण देना चाहूंगी।

हमारे राज्य में प्रोडक्शन अच्छा था। हमारे राज्य में 1 करोड़ 60 लाख हेक्टेयर में उत्पादन होता था, वह अभी हो कर 1 करोड़ 50 लाख रह गया है। 10000 हेक्टेयर एकड़ में प्रोडक्शन कम हो गया है। फिर 2007-08 में 1 करोड़ 80 लाख का टार्गेट है, लेकिन 1 करोड़ 10 लाख हेक्टेयर में प्रोडक्शन होगा। पूरे देश का क्या होगा? ऐसी बहुत सी जगहें हैं। चुनाव के समय हम किसान की बात कहते हैं, लेकिन चुनाव हो जाने के बाद कहीं भी किसानों की बात नहीं की जाती है। अगर करते भी हैं तो रात के 10 बजे करते हैं, जब सारे सदस्य दूसरे कामों में व्यस्त रहते हैं, प्रेस भी व्यस्त रहती है। They have got the deadline. The message should not go to the people. ऐसा क्यों है? मैं समझती हूं कि सबसे महत्वपूर्ण विाय किसान का है। किसान का इश्यू डिस्कस करने के लिए हमें समय नहीं मिलता है। मेरा सुझाव है कि आप एग्रीकल्चरल लैंड के बारे में रिव्यू कीजिए। The Government must set up a Land Bank. उस लैंड बैंक में लैंड मैप भी होना चाहिए। We are not against industrialisation. But for God's sake, please realise the pathetic situation of our agricultural labour, about the agricultural land. We are not against industries. Let the industries grow, but at the same time let the sufficient agricultural land remain for the agricultural use. We cannot sow anything without agricultural land. अगर खाना नहीं मिलेगा, तो क्या होगा? कपड़ा नहीं मिलेगा, रोटी नहीं मिलेगी, तो जीवनयापन के लिए दूसरी आवश्यक चीजें कैसे प्राप्त होंगी? एग्रीकल्चरल लैंड मैप हर राज्य के लिए होना चाहिए। So, there is a need to have an Agricultural Land Bank. Another thing is to have the agricultural mapping.

मैं यह भी सुझाव देना चाहती हूं कि किसानों के लिए एक बैंक होना चाहिए, जहां से सिर्फ किसान को लोन मिले। Agricultural labours and the farmers should get the loans. वहां किसान को पता चलेगा कि यह बैंक हमें लोन देने के लिए बनाया गया है और अगर किसी कारण उसकी फसल नट हो जाती है तो किसान को पता होगा कि यह बैंक उसे लोन देगा। वह पैसा बैंक में जमा भी कर सकता है। क्या हम किसान के लिए इतना भी नहीं कर सकते हैं? Sixty per cent of our population is dependent on agriculture. We can, and we should set up some Land Bank for the agricultural labour. अभी ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यही कोशिश होती है कि किसान की एग्रीकल्वर लैंड बेच दी जाए। क्या होगा? उसके ऊपर शॉपिंग मॉल होगा, ब्यूटी पार्लर होगा। शॉपिंग मॉल होने चाहिए लेकिन हमारे किसान कहां जाएंगे। अगर एग्रीकल्वर लैंड शॉपिंग मॉल के लिए दे देंगे, हाउसिंग के लिए दे देंगे, मल्टीनेशनल कम्पनियों को कोई मार्किट बनाने के लिए दे देंगे तो किसान कहां जाएंगे? We are proud of our farmers. We are proud of our industry also. We do not want any difference between industrial land and agricultural land. Only thing is that there should be some restriction. कौन सी एग्रीकल्वरल लैंड है? एग्रील्वरल लैंड में जिसे खेती करनी है, उससे अपना परिवार चलाना है। देश में लैंडलैस लेबर कितनी है? यह पहले 39 लाख थी लेकिन तीन-चार बरस में 79 लाख हो गई है। क्यों हो गयी है? हम 50 हजार एकड़ जमीन प्रमोटिंग के लिए देते हैं। इससे जमीन कम हो जाती है। Sir, you find out whether this fact is true or not. More than six lakh acres of agricultural land is given for non-agricultural purpose. शॉपिंग मॉल बनाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है। यह बनाने के लिए किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए लेकिन पहले किसान को जिन्दा रखना आवश्यक है। अगर आदमी को रोटी नहीं मिलेगी तो जिन्दा लाश किस काम की होगी? At the same time, I am not having this opinion that I am not interested in agricultural labour. हमें एग्रीकल्वरल लेबर की प्रॉबलम देखनी चाहिए। They are not getting water for irrigation. They are not getting the support price. They are not getting fertilizer at a cheaper price. अब इलैक्ट्रिसिटी के रेट बढ़ गए हैं। पहले किसान को एक मोटर चलाने के लिए एक हजार रुपए एक महीने में देने पड़ते थे। एक स्टेट में उसके रेट दस हजार रुपए हो गए हैं। किसान कैसे देंगे? ऐसा स्वयं ग वर्नमेंट ने कहा है। चार हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, केरल और हमारे बंगाल में भी किसानों ने आत्महत्या की है। बंगाल में पहले किसी किसान ने आत्महत्या नहीं की थी। एक हजार से ज्यादा वर्कर टी गार्डन में मर गए। वे सब बिहार के थे। चाहे बिहार हो, उड़ीसा हो, वे सब जगह मर रहे हैं। चाहे डोंकाल हो, चाहे जालंगी हो, चाहे राजरहाट हो, चाहे भांगोड़ हो, चाहे सिंगूर हो ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

KUMARI MAMATA BANERJEE : Kindly give me two minutes. I would not take much of the time. I know there are so many Members to speak.

अभी नोटिफिकेशन हुआ है। आज फर्टिलाइजर के रेट्स बहुत ज्यादा हैं। कहते हैं कि जमीन दे दी जाए। क्यों दी जाए? कहते हैं कि पसंद है। पसंद है तो क्या दे दी जाए? अगर किसी को कोई चीज पसन्द है और वह कह दे कि पार्लियामेंट दे दो, क्या आप दे सकते हैं? कभी नहीं दे सकते हैं। वह पसन्द हो सकती है। बहुत सारी नॉन एग्रीकल्वरल लैंड है जिसे आप दे दें। कोई दिक्कत नहीं है। राजरहाट में 9 हजार एकड़ लैंड लेने के लिए तैयार हो गए। सिंगूर में दो हजार एकड़ लैंड लेने के लिए तैयार हो गए। हल्दिया में चार हजार एकड़ लैंड लेने के लिए तैयार हो गए। भांगोड़, रायचौक और कुल्फी में 40 हजार एकड़ लैंड लेने के लिए तैयार हो गये। वर्कर्स को खाना नहीं मिलता है। बाहर से कोई आता है और कहता है कि जमीन दो। उन्हें जमीन दे दी जाती है। यह भी एक कारण है जिस के लिए किसान मरते हैं। मैं किसी पॉलिटिकल पार्टी की बात नहीं कर रही हूं। अगर ऐसी कोई परिस्थिति हो तो the Central Government must see this matter. एक पॉलिसी होनी चाहिए। किसी के लिए दूसरी पॉलिसी नहीं होनी चाहिए।

इन शब्दों के साथ आपसे रिकवैस्ट करना चाहूंगी कि एग्रीकल्वरल लेबरर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी स्कीम होनी चाहिए। लैंडलैस लेबर देश में सबसे ज्यादा है लेकिन उनके लिए कोई सोशल सिक्योरिटी स्कीम नहीं है। सोशल सिक्योरिटी स्कीम होना देश के लिए भी अच्छा है। रिम्यूनरेटिव प्राइज होने चाहिए और किसानों को बचाने के लिए नेशनल पॉलिसी बनानी चाहिए।

सेव किसान स्कीम, किसान बचाओ, देश बचाओ - इस तरह की स्कीम देश में होनी चाहिए। इसके साथ ही मैं उम्मीद करती हूं कि हमारे कृाि मंत्री जी किसानों के लिए जरूर कुछ करेंगे। मैं कहना चाहती हूं कि हमारे देश के किसानों के ऊपर जो एकतरफा बुलडोजर चलता है, वह नहीं चलना चाहिए, इसे आप खत्म करिये। यदि एग्रीकल्चर प्रोडक्शन खत्म हो जायेगा तो देश खत्म हो जायेगा। इसलिए मैं आपसे विनती करती हूं कि आप इस संबंध में कुछ कीजिए। यदि आप कुछ नहीं करेंगे तो हम लोग इसी तरह से लड़ाई लड़ते रहेंगे और देश के लोग समझेंगे कि हम लोग जो भी लड़ाई करते हैं, देश के लोगों के लिए करते हैं। जनता के लिए हम हमेशा लड़ाई करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Suresh Prabhu to speak now. Please be brief.

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU (RAJAPUR): Sir, I will not take more time than my sister.

PROF. M. RAMADASS (PONDICHERRY): Sir, it is quite unfortunate and agonising that even after 10th five year plan and 50 years of development experience we are again and again discussing the distress of farmers. In the last 2 ½ years this House has devoted enough attention to discuss the problems of farmers, suicides of farmers and difficulties of farmers. But every time we discuss the woes of farmers, we end up with more and more evidences of sufferings and miseries of farmers.

We know that, and proudly so, India is growing at 8 per cent per annum. But at the same time the rate at which the Indian farmers are committing suicides is also increasing. If one can construct an index of miseries, one index of destitution, one can find that the rate of economic growth and the index of misery is increasing over the years. This is grave paradoxical because growth is also expected to induce income generation, purchasing power growth and hence happiness. This apparent contradiction only shows that we have adopted a model which is not congenial to agricultural growth. Indian agriculture refuses to cross what is called Hindu rate of growth, namely, 3% which leave a large number of farmers getting marginalised.

Why is this unfortunate scenario? What is wrong with our policies? What is ailing our farmers? Is this Government responsible for the distress of the farmers? Are our farmers responsible? Is the nature responsible?

In my view all the above three variables are to be blamed. Nature has been playing a destructive role. The alternative occurrence of either a flood or drought causes untold miseries. Nature has been niggardly as far as India is concerned which creates considerable uncertainties and risks in agricultural operations.

* The speech was laid on the Table.

Coming to farmers, the vicious circle of poverty with which they subsist, low productivity, small size of holdings and their beliefs in social customs and conundrums account for their sufferings.

On the Governmental side, the decline in investment in agriculture, increased input costs due to slashing of subsides, crash in output prices due to lifting of quantitative restrictions and reckless import substitution, increasing penetration of MNCs, inadequate and untimely credit base accentuated the problems of farmers. Under this emerging circumstance we need to do the following:

Increasing public investment, provincial land reforms and distribution of surplus land to the tillers of the soil as is done Tamil Nadu, increasing subsidies, social control and equitable distribution of water resources, strengthening of cooperative banking, extension of minimum support price to all crops and procurement to all parts of the country, self-sufficiency is food grains production, introduction of a scientific and sustainable land use policy and the protection of the environment. We should also pay great attention to agricultural resources, devolution of funds for Panchayati Raj and allocate adequate funds for drought, flood and erosion control.

We should psychologically motivate the farmers that they can improve and the Government should adopt a farmer friendly approach.

श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु (राजापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आजकल हम देख रहे हैं कि जैसे सदन की कार्रवाई शुरू होती है, तब पहले प्रश्नकाल होता है, उसी तरह से हर सैशन में एग्रीकल्चर के ऊपर हम चर्चा करते हैं। एक सैशन जाता है और दूसरा सैशन आता है तो उसमें भी हम चर्चा करते हैं। मेरा कहना है कि सैशन के बिजनेस में फार्मर्स सुसाइड और एग्रीकल्चर की समस्याओं पर बहस कराने के लिए पहले ही एक कार्यकाल तय किया जाए, ताकि इस तरह से जल्दी में इस विाय पर चर्चा न हो। इस पर दो-तीन दिन का समय रखना चाहिए। हर सैशन में हम चर्चा करते हैं कि किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, हर सैशन में हम चर्चा कर रहे हैं कि देश में कृाि की समस्या है, मैं समझता हूं कि आज बुनियादी स्तर पर इसमें बदलाव लाने की कार्रवाई करने की आवश्यकता है। लेकिन दुर्भाग्य से हम आज तक वहां तक नहीं पहुंचे हैं। हमने देखा है कि हर तरफ जो बयान दिये जाते हैं, उनमें हम हमेशा कहते आये हैं कि कृाि क्षेत्र की जो बहुत बड़ी समस्या है, इसे हल करने कि लिए सरकार की तरफ से किसानों को ज्यादा से ज्यादा ऋण दिया गया है। लेकिन जो किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उसके पीछे कारण यह है कि उन्होंने जो ऋण लिया है

20. 22 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

उसे चुकाने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। यदि हम उसे और ऋण देंगे तो आत्महत्याओं का सिलसिला कैसे कम होगा, यह मेरी समझ में नहीं आता है। क्योंकि सरकार की तरफ से नेशनल सैम्पल सर्वे का जो बयान आया है, उसमें लिखा है कि 51 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सैक्टर से ऋण नहीं मिल रहा है, उन्होंने इनफोर्मल सैक्टर से पैसा लिया है। उसकी वजह यही है कि जिन लोगों को ऋण की जरूरत

है, उन्हें ऋण नहीं मिल रहा है, क्योंकि यह बैंकिंग सैक्टर से बाहर है और बैंक की तरफ से जिन्हें ऋण दिया जा रहा है, उनमें जिन्होंने पहले ऋण लिया था, उनके लिए क्रेडिट प्रॉब्लम नहीं है, उसकी और कोई डाइमैन्शन है, उसके लिए भी सोचने की जरूरत है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि किसानों को आज जिस तरह की राहत की जरूरत है, उसमें मैं दो-तीन चीजें बताना चाहता हूं। हमारे देश के कृषि मंत्री, श्री शरद पवार साहब के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि आज के दिन राजनीति में जितने भी लोग मौजूद हैं, उनमें कृषि के बारे में हिस्ट्री, प्रेजैन्ट सिचुएशन और फ्यूचर के बारे में इतनी अच्छी जानकारी शायद ही किसी को होगी। उन्होंने बारामती में किसानों की हालत जिस तरह से सुधारी है, उसे देखकर देश का हर किसान शायद यही चाहेगा कि उसे भी बारामती के किसानों जैसा जीवन जीने का मौका मिले। मुझे पता है कि आज जो खेती की जाती है, उसमें 83 प्रतिशत ग्राउंड वाटर का इस्तेमाल किया जाता है। इकोनोमिस्ट में एक आर्टिकल छपा है, जिसमें कहा गया है कि हम कितना ग्राउंड वाटर यूज कर रहे हैं। यांग्से, जो चीन की रिवर है, माइकेश रिवर उसके ढाई एन्युअल इनफ्लो के बराबर हम ग्राउंड वाटर यूज कर रहे हैं। इतना ग्राउंड वाटर कहां से आयेगा। आज जो हमारी हालत हैं, आगे आने वाले दिनों में हमारी हालत इससे भी अधिक खराब हो जायेगी, यदि पानी की समस्या को हम किसानों की समस्या से नहीं जोड़ेंगे। मैं यह मानता हूं कि यह हमारे लिए एक चैलेन्ज हैं और दूसरा चैलेन्ज फ्रैगमैन्टेशन ऑफ लैन्ड है। यदि इसी तरह से हमारी आबादी बढ़ेगी तो वर्ा 2050 में हमारी आबादी 60 प्रतिशत बढ़ने वाली है, यानी हमारी आबादी 160 करोड़ हो जायेगी। इसका असर हमारे फ्रैगमैन्टेशन पर क्या होगा, यह भी सोचने की जरूरत है।

तीसरी बात मैं सॉइल के बारे में कहना चाहता हूं। जहां भी ग्रीन रिवोल्यूशन या हरित क्रांति हुई, वह सही हुई। लेकिन जहां भी हरित क्रांति हुई है, उन राज्यों की हालत आज बहुत खराब है, क्योंकि मिट्टी की फर्टिलिटी खत्म होती जा रही है। इसलिए आगे आने वाले दिनों में जहां ग्रीन रिवोल्यूशन नहीं पहुंची है, जिनमें पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, पूर्वांचल आदि प्रदेश हैं, वहां हम ग्रीन रिवोल्यूशन कैसे लाएं, यह हमारे सामने एक चुनौती है।

Fourth, public investment in agriculture since 1991 has consistently gone down as percentage of GDP. नहीं मानता हूं कि जिस तरह से रिफॉर्म्स हमने शुरु किये, उन रिफॉर्म्स में हमने इंडस्ट्री और ट्रेड की तरफ ध्यान देकर रिफॉर्म्स किए। चीन में, 1978 में जब रिफॉर्म्स की शुरुआत हुई थी तो उन्होंने एग्रीकल्चर से यह शुरुआत की थी। लेकिन हमने बहुत गलत ढंग से काम करने की शुरुआत की, जैसे अगर हमें बिल्डिंग बनानी है तो टॉप की बिल्डिंग बनाने की शुरुआत की तो वह खड़ी नहीं हुई। इसलिए सबसे पहले हमारे क्षेत्र में पब्लिक इंवेस्टमेंट की तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

दूसरी बात, आपको पता होगा कि सरकार की तरफ से जो सेन्ट्रल स्टैटिस्टीकल ऑरगेनाइजेशन ने सर्वे किया, उसमें यह आया कि 45 प्रतिशत किसानों का यह कहना है कि सोशल स्टेटस न होने के कारण हम एग्रीकल्चर छोड़ना चाहते हैं, तो किस तरह से किसानों को सोशल स्टेटस दिया जाए। यह भी सोचने की बात है। आज हालत यह है कि अगर किसान कहेगा कि मैं किसान हूं तो शायद उससे शादी करने के लिए अपनी कोई लड़की देने के लिए भी तैयार नहीं होगा। सोशल स्टेटस गिरता जा रहा है, इसलिए यह भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। पिछले सालों में हमने देखा कि जीडीपी की ग्रोथ तो हो रही है, but as a percentage of GDP, agriculture's share has fallen while the population dependent on agriculture has not fallen. That means *per capita* income of farmers has fallen at macro level. There is enough evidence available on how it has fallen at micro level also.

Sir, I will come to the solutions in my own way to co-operate with you so that I do not take more time. First, I think we should give away this pre-conceived notion that farmers' problems are related only to agricultural credit. That is one of the problems but not the only problem. Therefore, we should think about many other solutions also which are required. The first one is how we can provide more value added products to the farmers. There are examples in UP and Maharashtra. The other day when Shri Mohan Singh was speaking, he mentioned about it. He told that the farmers who were planting sugarcane, if they are now doing sugar production through co-operatives, their incomes have increased. So, we must bring more and more farmers who can have value added

products and take them into not the private sector but among the farmers themselves so that their incomes can go up.

Secondly, we really need to have a market support system for farmers. We cannot have in India a system wherein we leave everything to the market forces. Markets are always dependent when the markets are perfect, but we have not reached the stage wherein there are markets operating in a manner in which they should be. Therefore, we must have a market intervention programme from the Government and market support system available to all farmers in India. That is very important.

Third, we should reduce their input cost. I think, the Government must think a little bit differently than before. Power is very important because farmers depend 83 per cent on ground water. You cannot draw ground water without electricity and electricity is expensive now. So, we have decided to give free electricity, but free electricity means no electricity to the farmers. They only get an assurance of free electricity, but they do not get free electricity.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU : Sir, I am concluding. … (*Interruptions*) You are an ideal person for me to follow. What you do when you speak from here, I will do. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Then, there is no end.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yesterday also, the same thing happened. I was here till 9 p.m. Today also, the same thing has happened. Nobody will be prepared to do this job. I will be here till 9 p.m.

… (*Interruptions*)

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU : Sir, I will give you one example on power.

Sir, can you think about Central Government generating cheap source of energy, particularly using coal at pit-heads and use that energy through feeder to be supplied to farmers only? Can you think about something like this whereby free electricity menace will go and utilisation of water will also be proper? At the same time, farmers will also get assured electricity at affordable prices. I have personally talked to all the farmers' organisations. Nobody says that they want free power. They said 'give us only assured quality power.' Therefore, can you think about it? We really need to think about it.

The next thing is insurance. We need to provide a comprehensive insurance cover so that farmers' risks are covered. You are trying to tell them everything, but not give them a proper insurance cover. So, we need a proper insurance programme. The insurance cover which is available today is very misleading. So, we really need to work on that.

Water is a very important issue. I think, Shri Sharad Pawar will agree that we have got only four per cent of the water resource of the world and already 17 per cent of global population is

utilising that water. Water cannot be expanded because natural capital cannot get expanded because population increases. How do you deal with that problem? The Government must come out with a concrete policy on that.

Agriculture Ministry is only one of the Ministries. It is the Ministry to take blame but not the only Ministry which is responsible to solve the several problems that this sector is facing. That is one thing to do.

MR. CHAIRMAN: Mr. Prabhu, please conclude your speech.

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU : Sir, I would only like to make two more points, and I would conclude my speech. Firstly, I would like to talk about population control. I think that we cannot deal with the agriculture problem without thinking about population control.

I was reading a statement by the Prime Minister today, who said that population is not a problem. This is a fallacy. The demographic dividend theory that we are becoming a young nation, as if we are going to remain here for life. We are going to remain a young nation for some time, and that population cannot be supported by agriculture because there is a problem. Therefore, population control also must be linked to the agriculture problem.

Lastly, I would like to talk about science. There are a lot of fallacies about use of science in agriculture. There are a lot of issues raised like ethical, environmental and others wherever we use biotechnology. I think this is the time that the Government must call all concerned people, and address these issues. They should settle this issue once and for all. How do we address the problem relating to science and technology?

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, आज की स्थिति में जब आर्थिक विकास की दर 8 प्रतिशत तथा अधिक की तरफ जा रही है तब हजारों की तादाद में किसान आत्महत्या करने के लिए विडम्बनापूर्ण स्थिति है। यह एक कठोर सच्चाई है कि आर्थिक विकास का प्रभाव कृषि क्षेत्र पर नहीं पड़ा है। बेसक कृषि क्षेत्र में विकास की दर सिर्फ 2.4 प्रतिशत की दर पर रूक गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढती हुयी बेरोजगारी इस क्षेत्र का स्पट उदाहरण प्रस्तुत करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इकोनोमिक स्टेगिनेशन के कारण बहुत बड़ी तादाद में किसान तथा मजदूर देहात में पलायन करके अच्छे जीवन की तलाश में शहरों की तरफ जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संघर्षो की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। जिसका सीधा प्रभाव देश की राजनीतिक स्थिरता पर पड़ा है। भारत सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि अभी भारत में विकास दर 14 प्रतिशत के आसपास निरंतरता में अपेक्षित है जिसमें कृषि क्षेत्र की भागीदारी 8 प्रतिशत के आसपास निरंतरता में होनी चाहिए। परंतु दुखद स्थिति यह है कि किसानों की क्रय शक्ति बढ नहीं रही है। उनमें ऋणग्रस्तता बढ रही है तथा परिवार टूट रहे हैं।

यह जानने योग्य तथ्य है कि आज भी हिन्दुस्तान में 66 प्रतिशत से जयादा आबादी मुख्यतः कृाि पर निर्भर है कृाि कार्य हिन्दुस्तान का परम्परागत आजीविका का आधार रहा है यह मानव अध्यवसाय रहा है। परन्तु इन्हीं किसानों ने सब्सिटेंस एग्रीकल्चर से कर्मिशियल क्रोप की खेती तक एक लम्बा रास्ता तय किया है और हिन्दुस्तान को खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में सफलता हासिल की है।

भूमंडलीकरण की प्रक्रिया चल रही है और बाजार पर आधारित अर्थव्यवस्था के समय में हिन्दुस्तान की कृाि पिछड़ रही है और किसान हताश हो रहा है। इसके लिए विशेा तौर पर सरकार की कृाि संबंधी अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार हैं।

हिन्दुस्तान एक विविध भौगोलिक संसाधनों का देश है जो पूरे विश्व के लिए सीड हब की तरह काय कर सकता है परंतु सरकार द्वारा इस क्षेत्र में अनुसंधान के लिए निवेश की कमी के कारण बायो टैक्नोलॉजी का लाभ किसानों को नहीं मिल सका। ग्रामीण क्षेत्रों में ह्यूमन डेवलपमेंट इंडिकेटर की स्थिति

---

* The speech was laid on the Table.

बहुत खराब है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रा0 शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, रोजगार प्राप्त करने के अ वसरों की स्थिति महिलाओं की स्थिति तथा बुनियादी ढांचे के निर्माण की स्थिति सभी जगह सरकार की विफलताएं स्पट दिखायी पड़ रही हैं। सरकार अभी तक सभी गांवों में बिजली भी उपलब्ध नहीं करा सकी है।

बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रटाचार के कारण स्थिति बद से बदतर हुयी है। सरकार भी कुल कृाि योग्य जमीनों को सिंचित नहीं कर पायी है। कइ बड़ी सिंचाई परियोजनाएं अभी भी अधूरी पड़ी हैं। डीजतल की कीमत दिनोंदिन बढ़ रही है जिसके कारण किसान की उत्पादक लागत बढ रही है तथा जीवन का स्तर गिर रहा है।

भारत सरकार का कृाि मंत्रालय सही समय पर उचित निर्णय ले पाने में नाकाम रहा है। वित्त मंत्रालय द्वारा यह कहा गया है कि किसानों को वित्तीय उपलब्धि तीन गुना की जाएगी परंतु भ्रटाचार के कारण आज भी कमजोर किसान बैंकों से लाभ नहीं उठा पा रहा है, बल्कि साहूकारों के माध्यम से लुटने के लिए विवश है।

सरकार आर्थिक सुधार लागू करना चाहती है परंतु मेरी राय में सरकार को पहले व्यापक प्रशासनिक एवं न्यायिक सुधार लागू करने चाहिए थे ताकि सरकारी तंत्र की जवाबदेही स्पट की जा सके तथा किसानों एवं श्रमिकों की उत्पादकता बढ सके। परंतु ऐसा नहीं हुआ है।

आबादी बढ रही है और नियोजक विभाग एवं सरकारी तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों तथा विशेा तौर पर कृाि क्षेत्रों में आर्थिक ि वकास की एक निश्चित दर लगभग 8 प्रतिशत संविधानिक बाध्यता के तौर पर सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों पर तथा केंद्र सरकार पर लाजमी होना चाहिए। ताकि आर्थिक विकास एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एजेंडा बन सके तथा दूसरे गैर जरूरी कार्यक्रमों से इस राट्र को निजात मिल सके।

यह भी आवश्यक है कि कृाि प्रसंस्करण को लक्ष्य बनाकर बढाया जाए तथा प्रत्येक ग्राम सभा को उत्पादन तथा प्र ासंस्करण की इकाई के तौर पर विकसित कर दिया जाये ताकि प्रत्येक ग्राम की आमदनी एक निश्चित गति से बढ़ सके।

देश में 73वां संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायत कानून लागू किया गयाहै परंतु पंचायतें अभी तक नियोजन के ि वकेंद्रीकरण का लाभ नहीं उठा सकी हैं। इसके लिए विशेा कैपेसिटी बिल्डिंग की आवश्यकता है तथा यह कार्य भारत सरकार द्वारा

किया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत के माध्यम से उचित आर्थिक नीतियां अपना कर किसानों का सशक्तीकरण किया जा सकता है और यह प्रयोग पिछले सालों में उत्तर प्रदेश में सफलतापूर्वक किया गया है।

हिंदुस्तान एक बड़े उपभोक्ता बाजार के तौर पर विकसित हो रहा है। जिसके लिए आउट सोर्सिंग इन ग्रामीण क्षेत्रों द्वारा आसानी से किया जा सकता है। सरकार को बड़े पैमान पर कृाि उत्पादों के निर्यात के लिए एक अनुकूल माहोल तेयार करना चाहिए तथा विदेशों में स्थित हिंदुस्तानी दूतावासों में एग्रीकल्चर कांउसलर की नियुक्ति करके लाभपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए।

यह आवश्यक हो गया है कि चीन का उदाहरण देखते हुए कृाि क्षेत्रों में लो कास्ट लेबर इंटेंशन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का विकास होना चाहिए ताकि बडे पैमान पर वैल्यू एडीसन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ायी जा सके।

हिंदुस्तान में यह एक दुर्भाग्य का विाय है कि सहकारिता का विकास आगे नहीं बढ़ सका। इस क्षेत्र में सरकार को सामने आकर विशेा कदम उठाने चाहिए ताकि किसान आर्थिक रूप से संगठित होकर परिस्थितियों का सामना कर सके।

कृाि क्षेत्रों में टैक्नोलॉजी तथा स्किल अपग्रेडेशन की बहुत आवश्यकता है। लेब टू लैंड प्रोग्राम को विशेा तौर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। नए उच्च तकनीकी यंत्र, हाई प्रोडक्टीविटी तथा अधिक दूध देने वाली गाएं तथा भैंस निश्चित रूप से ग्रामीण तरक्की एवं खुशहाली की भूमिका रख सकते हैं। कृाि को मशीनीकरण तथा श्रमिकों को स्किल अपग्रेडेशन के लिए विशेा प्र ायास किए जाने चाहिए ताकि उनकी उत्पादकता वृद्धि हो सके।

काम की तलाश में ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा शहरों की तरफ भाग रहा है तथा असुरक्षा का शिकार हो रहा है। यह जरूरी हो गया है कि जो लोग खेती छोड कर शहरों में जा रहे हैं। सरकार उनके लिए एक एग्जिट पॉलिसी बनाए ताकि किसानों तथा उनके परिवारों को बरबाद होने से बचाया जा सके और योजनाबद्ध तरीके से उन्हें शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार की सुि वधायें उपलब्ध करायी जा सके।

कृाि क्षेत्र अपार संभावनाओं का क्षेत्र है और उचित नीतियों पर चलकर कृाि क्षेत्र की भागीदारी राट्रीय आर्थिक विकास में निश्चित तौर पर बढ़ायी जा सकती है। परन्तु इसके अभाव में कृाि क्षेत्र दुर्दशा की ओर जा रहा है तथा किसान भी परेशान हैं। आज की हालात में यह आवश्यक हो गया है कि सरकार विशेा प्रयास करते हुए किसानों की मदद करे ताकि किसान आत्महत्या करने के लिए विवश न हो।

इन्हीं शब्दों के साथ में आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने इस विाय पर मुझे अपनी बात कहने का मौका दिया।

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील (लातूर) : सभापति महोदय, आज इस सदन में देश के किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा हो रही है। इसके पूर्व किसानों के बारे में इसी सदन में कई बार चर्चा हो चुकी है किन्तु यहां पर चर्चा होती है, सरकार आश्वासन देती है और सरकार सदन से बाहर जाकर सो जाती है। आज पूरे देश में किसानों की हालत बहुत गम्भीर है। चूंकि मैं महाराट्र से चुनकर आती हूं, इसलिये मैं आज महाराट्र के किसानों की स्थिति को आपके माध्यम से यहां रखना चाहती हू।

महाराट्र में पिछले 5-6 सालों में 2300 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। फसल बर्बादी, कर्जेदारी बढ़ने, और केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा निरंतर उपेक्षा किये जाने के कारण किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी की विदर्भ या़त्रा के दौरान किसानों को 3750 करोड़ रुपये का पैकेज प्रदान किया, फिर भी आत्महत्याओं का क्रम नहीं रुक रहा है। देश के लिये यह अति दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बात है। जिस दिन प्रधानंमंत्री दौरा था, उस दिन भी वहां किसान आत्महत्या कर रहे थ और दौरे के बाद भी अब तक लगभग 80-90 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। मुख्य रूप से चार कारणों से किसान आत्महत्या कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा किसानों को दिये गये आश्वासनों को पूरा न करना, राज्य में 16 से 18 घंटे लोडशैडिंग करना, किसानों का खून चूसने वाली बैंकों की ब्याज दरें और कॉटन प्राइस मैकेनिज्म। इन चारों बातों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। एक एकड़ जमीन के लिये भी यदि किसान को वांछित पानी मुहैय्या

कराया जाये तो उसे ढाई गुना पैदावार ज्यादामिलती है। पैदावार बढ़ने से आर्थिक दशा बदलती है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास पानी से जुड़ा हुआ है। महाराट्र के महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा संवैधानिक निर्देश दिये जाने के बावजूद राज्य सरकार ने पिछड़े क्षेत्र का सिंचाई बैकलॉग दूर करने की जरूरत पर गम्भीरता से ध्यान नहीं दिया। राज्य सरकार के द्वारा बैकलॉग के लिये उपलब्ध रकम आबंटित नहीं की गई है। इसलिये सिंचाई प्रोजैक्ट अधूरे पड़े नतीजे से किसानों को आत्महत्या करने की नौबत आयी।

महाराट्र में लगभग 16-18 घंटे लोडशैडिंग है। बिजली पम्प पानी के लिये 6 लाख 60 हजार आवेदन कनेक्शन की प्र ातीक्षा में फाइलों में बंद हैं। किसानों ने कुंए टैंकों के लिये कर्ज लिया है। एक ओर ब्याज बढ़ रहा है और लोडशैडिंग के कारण खेती के लिये पानी नहीं मिल रहा है। इस कारण किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है जो उन्हें आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर कर रही है।

कांग्रेस ने अपने घोाणा पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली देने का वायदा किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान ऊर्जा मंत्री श्री शिन्दे ने इस तरह का कैबिनेट निर्णय करके किसानों को शून्य के बिजली बिल भेजे थे। उनकी बात पर भरोसा करते हुये मुफ्त में बिजली मिलने की खोटी उम्मीदों ने उनको फिर से चुना किन्तु कांग्रेस सरकार वादे से मुकर गई। चुनाव के बाद सरकार बनते ही बेहिचक कह दिया कि चुनाव में दिये गये आश्वासन पूरे नहीं करने के लिये होते हैं। श्री शिन्दे ने भी स्वीकार किया कि मुफ्त बिजली देने का निर्णय चुनावी रणनीति का हिस्सा था। यह किसानों के साथ वर्तमान सरकार द्वारा किया गया विश वासघात है। महाराट्र में कृषि, औजार और बीज खरीदने के लिए किसानों को 13 से 14 प्रतिशत की दरों पर कर्ज़ लेना पड़ रहा है जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में राट्रीयकृत बैंक 7 से 8 प्रतिशत की दर से किसानों को ऋण उपलब्ध करा रहे हैं।

MR. CHAIRMAN : Madam, if it is a lengthy statement, you can place it on the Table of the House for record.

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील : मैं दो मिनट में खत्म कर रही हूं।

MR. CHAIRMAN: If it is a maiden speech, you can continue, Madam.

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील : महाराट्र में सहकारी बैंकों में नाबार्ड से 5 प्रतिशत की दर पर कर्ज़ उपलब्ध होता है। उस पर राज्य सहकारिता बैंक द्वारा 3 प्रतिशत, जिला सहकारी बैंक द्वारा 3 प्रतिशत और सेवा सहकारी सोसाइटी द्वारा 3 प्रतिशत ब्याज लगाया जाता है। इस प्रकार यह कुल अंत में 13-14 प्रतिशत बैठता है। इसी चक्र में किसान कुचला जाता है। महाराट्र का किसान यदि 10 हजार रुपये कर्ज़ लेता है तो उसको 40 हजार रुपये चुकाने होते हैं।

केन्द्र में एनडीए सरकार थी तो कपास उत्पादकों को कपास का भाव प्रति क्विंटल 3000 रुपये दिया गया और सोयाबीन का भाव 1900 रुपये प्रति क्विंटल दिया गया। महाराट्र में अधिकांश किसान कपास और सोयाबीन की खेती करते हैं। इस र्वा सरकार ने कपास 1500 और सोयाबीन 1200 रुपये प्रति क्विंटल के मूल्य से खरीदा। उपज न होने के संकट में फंसा किसान गिरे हुए दामों के कारण टूट गया। वह कैसे जिन्दा रह सकता है? किसानों के लिए जो बात एनडीए कर सकी, वह यूपीए के लिए संभव क्यों नहीं?

केन्द्र एवं राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण आज किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। इन घटनाओं का जात-पात, पंथ-धर्म या प्रांत से सरोकार नहीं होता बल्कि वह सरकारी नीतियों से ही होता है। महाराट्र के किसानों द्वारा आत्महत्याओं की घटनाएं हों तो केन्द्र सरकार समितियां गठित करके अक्षम्य समय बरबाद करती हैं। किसानों को समितियों की नहीं, सिंचाई योजनाओं की आवश्यकता है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि महाराट्र के किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्ज़ से तुरंत मुक्त किया जाए। उसका सारा कर्ज़ा माफ़ किया जाए। उनको पांच प्रतिशत की दर से नया कर्ज़ उपलब्ध कराया जाए एवं सस्ते दाम में बीज उ

पलब्ध कराए जाएं। महाराट्र के जिस क्षेत्र में आत्महत्याएं अधिक हो रही हैं एवं जिनकी ज़मीन असिंचित है और जिन किसानों द्वारा कर्ज़ की रकम पर जितना ब्याज अदा कर दिया गया है, उन्हें तत्काल कर्ज़मुक्त करें। मेरी मांग है कि कपास पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाएं व आयात पर आंशिक पाबंदी लागू करें ताकि देशी कपास की मांग और दाम बढ़े।

मेरी सरकार से मांग है कि सिंचाई का बैकलॉग दूर करने के लिए केन्द्र अलग से सिंचाई विभाग स्थापित करे तथा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार इस खर्च होने वाले पैसे का भार आधा-आधा वहन करें।

MR. CHAIRMAN: Now, I will make a request that those who have written speeches, it will be helpful if they place them on the Table. She has been given permission because it is her maiden speech. We have only one more day, that is, tomorrow when we will be closing the Session. So, please try to be brief. Please help me because I cannot remain here till midnight.

DR. RAJESH MISHRA (VARANASI): I will request you to please help the farmers also.

MR. CHAIRMAN: I seek your help. Yesterday also, we sat up to nine o'clock. Everybody has left, and I will be here throughout.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। जब हिन्दुस्तान आज़ाद हुआ था, उस समय देश की 80 प्रतिशत जनता खेती पर निर्भर थी। आज आज़ादी के 59वें साल बाद स्थिति यह आ गई है और नेशनल सैम्पल सर्वे की रिपोर्ट में कहा गया कि 40 प्रतिशत लोग कृाि का कार्य छोड़ना चाहते हैं और 60 प्रतिशत लोगों की भी उसमें कोई उत्सुकता नहीं है। इससे महसूस होता है कि आज हिन्दुस्तान के अंदर खेती की क्या स्थिति है। पिछले दस सालों की चर्चा बार-बार इस सदन में हो रही है कि हिन्दुस्तान के अंदर करीब 1,40,000 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। उसमें दक्षिण भारत और महाराट्र के ज्यादा किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। मैं आपके माध्यम से इस सम्मानित सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण भारत और हिन्दुस्तान के दूसरे प्रदेशों के किसानों ने आत्महत्याएं कीं लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार का किसान आत्महत्या नहीं कर रहा है, वह घुट-घुट कर दम तोड़ रहा है। कोई एक बार सूसाइड कर रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों की स्थिति यह है कि वे घुट-घुट कर मरने के कगार पर पहुंच रहे हैं और मरने के लिए बाध्य हो रहे हैं।

महोदय, हम किसानों की समस्या के बारे में समझते हैं। हिन्दुस्तान एक संघीय देश है और यहां जो जिम्मेदारी केन्द्र की होती है, उत्तर प्रदेश सरकार की भी वही जिम्मेदारियां होती हैं। हमने उत्तर प्रदेश में देखा है कि वहां पिछले 15-16 सालों से यह हालात हो गए हैं कि किसानों को गांव में चार-पांच घंटे से ज्यादा बिजली नहीं मिलती। 15 सालों में सिंचाई के लिए ट्यूबवैल नहीं लगाए गए, नये ट्यूबवेल नहीं लगे और पुराने ट्यूबवेल लगातार खराब होते जा रहे हैं। अब स्थिति यह हो गई है कि किसान अपने खेत में खाद नहीं डाल सकता और यदि कोई प्राकृतिक आपदा आई तो जो प्रदेशों की सरकारें हैं, हमें याद है कि पिछले साल उत्तर प्रदेश के करीब 42-43 जनपदों में सूखे की स्थिति थी और हमने उस समय इस सम्मानित सदन में उस पर प्रश्न किया था तो कृाि मंत्री जी ने उत्तर दिया कि प्रदेश सरकार से जब हमें सूचना दी जाएगी तब हम सर्वे कराएंगे तथा उसके बाद उस पर कार्य वाही करेंगे। यह बात सही है कि प्रदेश सरकार को पत्र लिखना चाहिए कि हमारे प्रदेश में इतने जनपदों में सूखा पड़ा है। प्रदेश सरकारों की स्थिति यह है कि वे इस सामान्य कार्य को भी नहीं करना चाहती कि पत्र लिख कर केन्द्र सरकार से यह कहें कि आप सर्वे करा कर, फलां-फलां जनपदों को सूखाग्रस्त जनपद घोाित कर दीजिए। आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह हो गई है। एक तरफ पूरे हिन्दुस्तान के जो अलग-अलग प्रदेश हैं, वहां के किसानों की अलग-अलग समस्याएं हैं। हम उत्तर प्रदेश के बारे में सोचते हैं। हमारे अपने जनपद वाराणसी के अंतर्गत पहले एक बहुत बड़ा खाद का कारखाना साहूपुरी का हुआ करता था। वह पिछले 12 सालों में बंद हो गया। एक ईस्टर्न यूपी का सबसे बड़ा कारखाना गोरखपुर में होता था, वह भी पिछले दस-बारह सालों से बंद पड़ा है। हमारे यहां जितनी शुगर मिलें थीं, प्रदेश की सरकारों ने एक-एक करके, उन सारी शुगर मिलों को बेच दिया और आज वे प्राई वेट सैक्टर में चली गई हैं। अब स्थिति यह हो गई है कि इन सारी शुगर मिलों को लेने वाले लोग अपनी फैक्ट्रियों को बंद करके, वहां बिल्डिंग बना करके ज्यादा पैसा कमा रहे हैं। आज जो किसानों की हालत है, उस हालत में यह स्थिति नहीं बन पा रही है कि हम किसे ज्यादा दोाी कहें और किसे कम दोाी कहें।

महोदय, हम समझते हैं कि आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। आपने महाराट्र और आंध्र प्रदेश में 31 जनपदों को पैकेज दिया। हम माननीय कृषि मंत्री जी को बधाई देते हैं कि उन्होंने जो तुरंत फौरी कार्यवाही हो सकती थी, वह उन्होंने किसानों के लिए की। आज स्थिति यह है और हम महसूस कर रहे हैं कि यदि हम हिन्दुस्तान के किसानों के मनोबल को ऊंचा नहीं करेंगे, उन्हें ऊंचा नहीं उठाएंगे, क्योंकि आज जहां हिन्दुस्तान की मूल अर्थव्यवस्था टिकी हुई है, यदि वह चरमरा जाएगी तो हिन्दुस्तान कमजोर होगा और जिस हिन्दुस्तान का हम आने वाले समय में सपना देखते हैं, वैसा हिन्दुस्तान नहीं बन पाएगा। हमारा एक सुझाव है,...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You can speak for hours with passion because the topic is such. But we do not have time. Please conclude.

डॉ. राजेश मिश्रा : महोदय, मैं आपसे हाथ जोड़ कह रहा हूं कि मुझे दो मिनट बोलने के लिए ओर दे दीजिए। मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि यदि कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाए और जितनी फैसिलिटी इंडस्ट्रीज़ को दी जाती है, इंडस्ट्री सैक्टर में वन विंडो सिस्टम है, बड़े-बड़े जितने हिन्दुस्तान के बैंक हैं, इंडस्ट्रियलिस्ट हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा वे ऋण देते हैं। हमने कभी यह नहीं सुना कि ऋण वसूली के लिए बड़े-बड़े उद्योगपतियों के यहां कभी छापे पड़े हों। यदि किसान दस हजार रुपए कर्ज नहीं चुका पाता है तो उसके यहां तहसीलदार और नायब तहसीलदार पहुंच जाता है तथा उसे जेल भेज दिया जाता है।

सभापति महोदय, मेरा सरकार से अनुरोध है कि कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाए। जिस प्रकार से हिन्दुस्तान के उद्योगपतियों को सारी फेसिलिटीज दी जाती हैं, उसी प्रकार से हिन्दुस्तान के किसानों को भी सभी प्रकार की सुविधाएं दी जाएं। देश में जो लोग खेती पर निर्भर हैं, उन्हें उद्योगपतियों के समान सारी सुविधाएं दी जाएं, तब हिन्दुस्तान के किसानों का मनोबल बढ़ेगा, उन्हें खेती में लाभ होने लगेगा और हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

इन्हीं शब्दों के साथ, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

MR. CHAIRMAN : I would have given you more time but the time is very short.

SHRI A.V. BELLARMIN (NAGERCOIL): The distress engulfing the farming community all over the country is beyond anybody's imaginable limit. It is an appalling phenomenon in certain States upon agriculture both in land and in sea owing to torrential and incessant rain. While associating myself with the views of Dr. Sujan Chakraborty, who spoke earlier, I would like to make a few points concerning my district.

I hail from one such State, Tamil Nadu, particularly from a district Kanyakumari which is being lashed by continuous, torrential rains. The damage caused to the agriculture crops like banana plantations, rubber, paddy and other cash crops like pepper, cardamom, glove, etc. in the hilly region is in unmeasurable scale. In the matter of banana plantations and rubber plantations the devastation caused to them has driven the farmers concerned to the verge of abysmal poverty and indebtedness. The compensation of Rs. 1,000 per hector for banana plantations announced by the Government will be Rs. 1 per tree whereas the cost of inputs and labour involved by the farmers will work out to Rs. 150 per tree. Similarly, for the rubber plantations the input cost for each plant will come to Rs. 20,000 to Rs. 25,000 till the yield starts. It is much more in the case of paddy. Thus, to the inland farmers and agriculturists, the loss sustained due to natural calamities is not being compensated by the Government, thereby putting them in debt trap and driving them to the verge of suicide.

Likewise, the plight of fishermen, who depend upon the sea for their livelihood, is appalling. The fishermen are prevented to go in for fishing operations for two months from May every year, which is supposed to be the breeding season of fish. Usually, during four months, particularly with monsoon season, the sea will be rough and not worthy for fishing. Thus, they are deprived

---

* The speech was laid on the Table.

of their livelihood for six months every year. They should also be adequately compensated by granting some relief. Equally deprived are the inland fishermen who are dependent on fishing harvest.

Every time we go on discussing about suicides and distress of farmers in the House but what we need is that the Government should act; the Government should come with proposals considering the suggestions and explanations of our renowned scientists to save and protect the farmers all over the country. Adequate compensation for the damages caused should be ordered immediately in the absence of adequate insurance coverage.

SHRIMATI C.S. SUJATHA (MAVELIKARA): The country has witnessed the worst ever agrarian crisis in recent years. The situation compelled thousands of our farmers to commit suicide unable to bear the financial burden.

Agriculture sector which has been the mainstay of our economy started waning since the introduction of liberalised economic policies in the country from early 1990s. The withdrawal of public sector investment in agriculture sector, the opening up of our internal market, the lifting of restrictions in imports of products, particularly, agricultural produces, crop diversification, entry of corporate players and promotion of contract farming placed havoc with the farming sector in the country. The continuous fall of prices and the overall increase in the production cost as a result of the withdrawal of subsidies has made agriculture unsustainable and the recurring natural calamities added to the woes of the farmers especially the small and medium sized peasantry.

To revive the vital sector, there should be a fundamental change in the policies. Government must initiate adequate level of public sector investments in the infrastructure development and the promotion of allied industries enhancing the employment generation in the rural areas. Funds

should be made available to the rural peasantry at affordable interest rates to help the peasants from falling prey to the unscrupulous private moneylenders. It is also imperative that steps should be taken for strengthening and widening of the price support system, creation of a Price Stabilization Fund for agricultural commodities and universalising crop insurance.

I take this opportunity to bring to the notice of the hon. Minister that Kerala is one of the States in the country which is hard hit by the present agrarian crisis. The crisis has already taken the lives of hundreds of farmers in the State. Five districts of the State, namely, Wayanad, Kasargod, Palakkad, Idukki and Alapuzha are worst hit by the crisis. But the Central Government has identified only three districts – Wayanad, Palakkad and Kasargode as distressed for providing relief. The State Government of Kerala and the Members of Parliament have been demanding the inclusion of the other two districts too in the distressed and provide relief to the farmers. It should be done and relief packages like the one the Government declared for Vidarba region should be provided urgently. The State's agriculture sector is different from that of the other States. The main agriculture produces in the States are cash crops and perennial crops, and hence, these aspects have to be taken into consideration for the relief package.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : महोदय, हिन्दुस्तान की 60 प्रतिशत जनता आज खेती पर निर्भर है। खेती के लिये निर्धारण ठीक नहीं होने के कारण आज किसान आत्महत्या कर रहे हैं। आज जो चीजें किसान को खेती करने के लिए लगती है, उसमें 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। किसान को नई टेक्नोलॉजी, नया-नया बिजाना (बौने) आदि की खोज में संशोधन, पैदा वार की बिक्री की उचित व्यवस्था न होने के कारण आज किसान बर्बाद हो रहा है। आज किसान को कर्ज लेने के बावजूद फसल का समुचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है जिससे उसका कर्ज बराबर बढ़ता रहता है। कर्ज चुकाने के लिए उसे पुनः साहूकार से कर्ज लेना पड़ता है। कर्ज न चुकाये जाने पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। मेरी आपसे विनती होगी कि अगर कृाि उद्योग को बढ़ाना है, तो किसान को बचाना आवश्यक है। स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने "जय जवान जय किसान" का नारा दिया था। इसलिए किसान को बचाना हमारा पहला कदम होना चाहिए।

अभी जो किसान महाराट्र में आत्महत्या कर रहे हैं, उन्हें सिर्फ 50.000 रुपये से 1,00,000 रुपये तक कर्ज दिया हुआ है। मेरी प्रार्थना है कि उनके कर्ज को तुरंत माफ किया जाये। किसान को अमरीका, चीन तथा दूसरे देशों में जिस तरह सब्सिडी दी जाती है वैसे यहां भी सब्सिडी दी जाये। अच्छी क्वालिटी के बीज, खाद तथा पेस्टीसाइड लाते-लाते ही किसान परेशान हो जाता है, बेजार हो जाता है। उसकी इनपुट कॉस्ट में जो 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाती है, तो वह भी खत्म होनी चाहिए। जमीन की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए किसान का मार्गदर्शन होना चाहिए। दूरदर्शन पर 'कृाि दर्शन' कार्यक्रम अभी 30 मिनट के लिए प्रसारित होता है। इसे कम से कम घंटा और बढ़ाया जाये तथा एक दिन में दो बार प्रसारित किया जाये जिससे किसानों को ज्यादा नई जानकारी मिल सके। साहूकार की ब्याज दर अत्याधिक होती है जिसको देने के लिए किसान पर दबाव बनाया जाता है।

जिसकी वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। ऐसे साहूकारों को सुरक्षा कानून में तुरंत बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही साथ किसान तथा उसकी फसल के बीमे की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे उसे सुरक्षा गारंटी मिल सके।

उद्योगों के नाम पर बैंकों से लाखों-करोड़ों रुपये ऋण के रूप में लिये जाते हैं और उद्योग के डूबने पर बैंकों के लोगों के साथ मैनीपुलेट करके ऋण को रफा-दफा करा लेते हैं तथा वे लोग स्वयं बच जाते हैं। क्या सरकार बता सकती है कि उनकी आत्महत्या की कोई सूचना उसके पास है ? बेचारे किसान का

---

* The speech was laid on the Table.

कर्जा 50,000 से 1,00,000 रुपये होते हुए भी बैंक उनके पीछे सख्ती से लग जाते हैं। कर्ज की अदायगी में अक्षम होने के कारण किसानों को आत्महत्या करनी पड़ती है। कृाि उद्योग बहुत ही सेंसीटिव है तथा फसल की बिक्री होने तक उसे हर कदम पर संरक्षण मिलना ही चाहिए।

सहकारी तथा ग्रामीण बैंकों को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। अभी राट्रीय कृाि आयोग ने किसानों को हर साल पर 4 प्रतिशत ब्याज दर कर्ज देने की सिफारिश की है। मेरा सुझाव होगा कि ब्याज की दर 4 प्रतिशत के बजाय 2 प्रतिशत होनी चाहिए।

अभी खेती में लागत ज्यादा आती है तथा उपज मूल्य उसकी तुलना में बहुत कम होती है। इसलिए उसका कर्ज बढ़ता जाता है तथा दैविक आपदा की मार किसानों पर अलग होती है। इसलिए किसान समुचित मार्गदर्शन की अत्याधिक आवश्यकता है क्योंकि वे पढ़े-लिखे बहुत कम होते हैं। किसान को जमीन की मिट्टी, उसके अनुरूप फसल का चयन जलवायु तथा फसल की बिक्री की समुचित व्यवस्था की जानकारी देना अत्याधिक आवश्यक है। इसके बाद ही उसको फसल की वाजिब कीमत मिल पायेगी।

सरकार अपने समर्थन मूल्य पर किसान का माल समय पर खरीदे तथा उसका भुगतान तुरंत (एट दी स्पाट) करे तो बाजार का मूल्य भी स्थिर रह सकता है और किसान को हानि से बचाया जा सकता है। दैविक आपदाओं के कारण फसल के नट होने पर भरपाई करने के लिए एक सुरक्षा कोा की स्थापना होनी चाहिए जिससे उसके नुकसान के समय में किसान की मदद की जा सके।

प्रधान मंत्री जी द्वारा विदर्भ के दौरे के बाद पैकेज की घोाणा की गयी। उसके बावजूद भी टी.वी. प्रसारण के अनुसार 17-18 अगस्त को छः किसानों द्वारा आत्महत्याएं की गयी हैं। यह सिलसिला अभी भी चालू है। अतः मेरी प्रार्थना होगी कि 50 हजार से एक लाख रुपये तक का कर्ज लेने वाले किसानों का कर्ज तुरंत माफ किया जाये तथा बिजली पानी के बिल भी तुरंत माफ किये जायें। यह व्यवस्था तुरंत लागू होनी चाहिए तभी किसानों की आत्महत्या का सिलसिला रुक सकेगा तथा किसानों को राहत मिल सकेगी।

जत्सोफा वनस्पति अगर समुद्र किनारे पर लगायी जाये जैसे महाराट्र में कोंकण, गोवा, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात में लग जायें, तो तीन साल में उसका उत्पादन शुरू हो जाता है। इससे बायोडीजल बनाया जा सकता है। जिससे तेल की भारी बचत तथा इसमें हम आत्मनिर्भर हो जायेंगे। इससे किसानों को बहुत मदद मिलेगी। इसके लिए मेरा सुझाव है कि एक निगम की स्थापना कर ली जाये तथा किसानो को बहुत मदद मिलेगी।

इसके लिए मेरा सुझाव है कि एक निगम की स्थापना कर ली जाये तथा किसानों को सहकारिता बेसिस पर इसके लिए तैयार किया जाये तो बहुत बड़ी मदद हो सकेगी। महाराट्र में किसानों ने अनुभव किया है कि प्रति हैक्टेयर ज्वार के मुकाबले

फूलों की खेती से कई गुना ज्यादा पैसा मिलता है। मेरी प्रार्थना होगी कि देश भर के किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जाये।

किसानों को सहकारी एजेंसियों द्वारा खेती के काम में आने वाले सामान को सस्ते मूल्य पर दिलाया जाये। उनकी फसल की समुचित कीमत किसानों को दिलवाने की व्यवस्था की जाये। उनकी कीमत का भुगतान नकद कराया जाये। साथ ही उनकी जीवनयापन की चीजों की उपलब्धता भी सस्ते मूल्य पर सहकारिता के आधार पर कराने की व्यवस्था की जाये जिससे उनमें जीने का विश्वास पैदा हो सके और किसान समझे कि सरकार को उनकी चिन्ता है और वह उदासीन नहीं है।

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय सभापति महोदय, मैं आदरणीय मोहन सिंह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने सदन में किसानों के संबंध में चर्चा उठाने का काम किया। आज मैं भारी मन के साथ कह रहा हूं कि देश का किसान ही एक ऐसा वर्ग है, जो अपने को सबसे ज्यादा बेसहारा महसूस कर रहा है। आजादी के बाद से अब तक किसानों की इमदाद के जो आंकड़े हैं, यदि हम उन पर ध्यान दें, तो यह स्पट होता है कि किसानों में जितनी निराशा आई है उतनी और किसी वर्ग में नही आई।

सभापति महोदय, भारत का किसान कर्ज में जन्म लेता है और कर्ज में ही मर जाता है। यह पूरी तरह से सिद्ध हो चुका है। देश में आज भी खेती का काम पूरी तरह से घाटे का माना गया है। इसके बावजूद भी अभी तक जो प्रयास हुए हैं, मैं समझता हूं कि वे बहुत अच्छी दिशा में नहीं हुए हैं। 70 प्रतिशत से ज्यादा लोग इस देश में खेती के काम में लगे हुए हैं और जितनी खेती की समस्याएं अभी तक चिन्हित की गयी है, चाहे साहूकारों के ऋण का विाय हो, चाहे सिंचाई की कमी हो, चाहे बिजली की कमी हो, चाहे प्रकृतिक आपदा हो या अन्य कोई कारण हो, इन तमाम कारणों के चलते किसान पूरी तरह से दुखी हुआ है। देश के 48 से 60 प्रतिशत से अधिक किसान कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं। छोटा किसान पूरी तरह से महसूस कर चुका है कि खेती में कोई काम नहीं बचा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक 12585 रूपये प्रति किसान के ऊपर कर्जा है। स्वामीनाथन जी की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी थी, उसमें उन्होंने इस बात को महसूस किया था कि देश में खेती का धन्धा घाटे का है। लगातार खेती का रकबा भी घट रहा है। कर्ज की शर्तें कठोर तथा महंगी होती जा रही हैं, उपज का दाम ठीक से नहीं मिल रहा है, भण्डारण की कमी है, प्र ासंस्करण की कमी है, विपणन संबंधी सुविधाओं का अभाव है, रोजगार के अवसर भी घटते क्रम में हैं, इन तमाम बातों के बावजूद उन्होंने कहा कि एक समग्र राट्रीय कृाि नीति बनायी जानी चाहिए। उस संबंध में जो पहल हुई है, उसके बारे में माननीय मंत्री जी अपने जवाब में बताएं।

महोदय, पूरे देश में तीन तरह के किसान हैं - एक वह किसान है, जो अपने हाथ से काम नहीं करता है, लेकिन जमीन का 75 प्रतिशत हिस्सा उसी के पास है, दूसरी तरह का किसान वह है जो हाथों से काम करने वाला है, वह पूरी तरह से मझौला किसान माना जाता है और तीसरी तरह का किसान बटाईदार तथा भूमिहीन है, जो दूसरों की जमीन लेकर खेती का काम करता है। मैं समझता हूं कि जितनी भी आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं, वह एक लाख से ज्यादा है। यह संख्या इससे ज्यादा भी हो सकती है। यह बात सच है कि जो आत्महत्याएं किसानों की हुई हैं, वह वाकई में भूमिहीनों और बटाई में जमीन लेकर खेती करने का काम करने वाले किसानों की चिन्हित की गयी हैं। मैं कहना चाहता हूं कि विदेशी बहुराट्रीय कम्पनियों को देश में एन्ट्री मिल रही थी, तो उस समय हमारे देश के वैज्ञानिकों ने कहा था कि कम से कम कृाि के क्षेत्र में इनका प्रवेश नहीं किया जाए, लेकिन कृाि के क्षेत्र में भी हमने उनको प्रवेश दे दिया। आज की तारीख में हम मुक्त अर्थव्यवस्था के हिमायती बन चुके हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि हम मुक्त अर्थव्यवस्था के पूरी तरह से हिमायती हैं। आप हिमायती बनिए, लेकिन इसके परिणाम जो सामने आए हैं कि एक तरफ तो अमीरी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ गरीबी भी तेजी से बढ़ रही है। आखिरकार इस अंतर को हमें कहीं न कहीं खत्म करना होगा। हम डब्ल्यूटीओ का मुकाबला करने जा रहे हैं, लेकिन विदेशों में किसानों को सौ प्रतिशत से ज्यादा सब्सिडी मिल

रही है, वहीं हमारे देश के किसानों की क्या हालत है? हम उनके कर्ज को पूरी तरह से नहीं पटा पा रहे हैं। जितनी मौते आज तक हुई हों, उन सभी मौतों के पीछे एक ही कारण है कि वह कर्ज नहीं पटा पाए। मैं कहना चाहता हूं कि किसानों की फसल का दाम ठीक तरह से नहीं देना भी इसका एक कारण है। 1100 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब आस्ट्रेलिया से गेहूं मंगाया गया। उसमें भी पांच सौ प्रतिशत से ज्यादा कीटनाशक दवाइयां मिली हुई हैं। एक अखबार में मैं पढ़ रहा था कि हमारे देश के किसान 6 सौ रूपये प्रति क्विंटल में अपना अनाज नहीं दे रहे हैं, इसीलिए इस बार सरकारी गोदाम खाली पड़े हुए हैं। किसानों ने कह दिया है कि हम नहीं देंगे। मण्डियों के सामने जो चौपाल लगी, उनमें किसानों ने पूरी तरह से अपनी फसल को बेच दिया। उनको चौपाल लगाकर देने वाले कौन लोग हैं? हमने बहुराट्रीय कम्पनियों को वह काम भी दे दिया। हमने बहुराट्रीय कम्पनियों को मण्डी भी समर्पित कर दी है। मैं जानना चाहता हूं कि इस देश में यह क्या हो रहा है? हमारे देश में एक सर्वे हुआ था कि वर्ा 1987-88 में भूमिहीन किसानों की संख्या 35.4 प्रतिशत थी और सीमान्त किसानों की संख्या 19.1 प्रतिशत थी। वर्ा 1999-2000 में भूमिहीनों की संख्या बढ़कर 40.9 प्रतिशत हो गयी और सीमान्त किसानों की संख्या 22.3 प्रतिशत हो गयी। आखिरकार यह सिलसिला कहीं रूकेगा या नहीं? हमारी जोत का औसत रकबा भी घटता जा रहा है। 1985-86 में यह 1.69 हेक्टेयर था, जो दस वर्ाों में यह घटकर 1.41 पर आ गया है। 2003 में 6638 गांवों के 51777 घरों में एक सर्वे हुआ, उसमें 40 प्रतिशत किसानों ने कहा कि हमें खेती नहीं करनी। माननीय मंत्री जी कहते हैं कि निश्चित तौर पर जनसंख्या का लोड है, उसको घटाना पड़ेगा और उसको कहीं न कहीं दूसरे रोजगार में ले जाना पड़ेगा। मैं उनके इस बयान का स्वागत करता हूं, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि वह कौन सा क्षेत्र होगा, आप कहां पर ले जाएंगे? आज करोड़ों की संख्या में वे बेरोजगार हो गये हैं। आपने ही बयान दिया है कि जिसके घर में गाय थी, जिसके घर में बैल था, जिसके घर में पशुधन था, उस घर का किसान आत्महत्या नहीं करता है, लेकिन जिसके घर में यह सब कुछ नहीं था, वे आत्महत्या के शिकार हो गये। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार ने एन.पी.ए. का 70 हजार करोड़ रुपया समाप्त कर दिया, लेकिन किसान का कर्जा माफ नहीं हो रहा। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक किसान को आर्थिक रूप से मजबूत नहीं बनाएंगे, तब तक किसान का भला नहीं हो सकता।

मैं अन्त में अपनी बात को यहीं पर समाप्त करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो देश के हालात हैं, वे किसी से छिपे हुए नहीं हैं। अभी प्रधानमंत्री जी विदर्भ के इलाके में गये हुए थे, मैं उनका स्वागत करता हूं कि उन्होंने वहां जाकर अच्छा खासा पैकेज वहां पर सब किसानों को दिया है। वह पूरे देश में भी देना चाहिए, जहां के किसान आत्महत्या कर रहे हैं। पूरे देश में ऐसे 30 जिले चिन्हित हुए हैं, 30 जिलों में सब जगह पैकेज दें, लेकिन उन इलाकों को भी शामिल करें, जहां के किसान वाकई में परेशानी में हैं। जिस प्रदेश मध्य प्रदेश से मैं आता हूं, जिस सतना क्षेत्र से मैं आता हूं, उस क्षेत्र में सिंचाई का औसत रकबा बहुत कम है। वहां पर सिंचाई का औसत रकबा बढ़ाने के लिए मैं चाहूंगा कि कृाि मंत्री जी वहां भी प्रधानमंत्री जी से आर्थिक पैकेज किसानों को दिलायें। मध्य प्रदेश चूंकि एक पिछड़ा हुआ राज्य है और वहां के आधे से ज्यादा जिले वर्तमान में जो बाढ़ आई है, 22 जिले उससे तबाह हैं। वहीं हमारे 20 जिले सूखे से प्रभावित हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी सिंचाई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, उन सिंचाई योजनाओं को पूरा करने के लिए वहां के किसानों को पैसा दिया जाये, वहां के किसानों की आर्थिक मदद के लिए हमें आर्थिक मदद दी जाये। प्रदेश में बिजली का संकट है, बिजली के संकट के लिए आप हमें आर्थिक मदद देने का काम करें। हमारी सरकार ने अपने स्तर से बहुत कुछ काम किया है, डेढ़ हजार से ज्यादा भूमि पर सिंचाई के नये साधन बढ़ाने का काम किया। हमारी ही सरकार ने प्राकृतिक आपदा में आर.वी.सी.एफ. एक्ट में संशोधन करके किसानों को ज्यादा मदद देने का काम किया। फसल बीमा योजना में अकेले मध्य प्रदेश की सरकार ने पटवार हल्कों को इकाई बनाया है। हिन्दुस्तान के किसी दूसरे राज्य में इसे इकाई बनाने का काम नहीं किया।

MR. CHAIRMAN : It is already 9 o'clock. Please conclude.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing, except the speech of Shri Karan Singh Yadav, will go on record.

*(Interruptions)**

---

* Not Recorded.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : माननीय सभापति महोदय, मैं किसानों की समस्या पर बोलते हुए माननीय सदस्या कुमारी ममता बनर्जी की उस बात को आगे बढ़ाना चाहूंगा और यह कहना चाहूंगा कि आज किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या है कि किसान को किसान नहीं रहने दिया जा रहा। औद्योगीकरण के नाम पर, विकास के नाम पर सरकारी सहयोग से बड़े-बड़े भू-माफिया, बड़े-बड़े व्यापारी किसानों की उपजाऊ जमीन को किसी न किसी तरह से अपने कब्जे में ले लेते हैं। सरकारें इस तरह के बयान अखबारों में दे देती हैं कि यह जमीन औद्योगीकरण के लिए अधिगृहीत की जायेगी और व्यापारी लोग किसानों के पास चले जाते हैं कि सरकार आपको अच्छा मूल्य नहीं देगी, हम आपको अच्छा मूल्य देंगे। वह किसान, जो जिंदगी भर कर्जे में जिया हो, जिसने कभी सुख से रोटी नहीं खाई हो, उसको जो जमीन पुश्तैनी मिली है, उस जमीन को वह औने-पौने दामों पर बेच देता है। लाख-दो लाख रुपये उसके लिए उस वक्त में बहुत बड़ी रकम उसको दिखाई देती है, अगर पांच बीघा जमीन हुई तो 10-20 लाख रुपये में वह सपने लेने लगता है कि मैं अपनी बच्ची की अच्छी शादी कर दूंगा, बच्चे को अच्छा पढ़ा दूंगा, कोई व्यापार कर लूंगा और नतीजा यह होता है कि उसके पास जमीन नहीं रहती। वह जमीन से बेदखल हो जाता है और आज माननीय मंत्री महोदय यह स्थिति कमोबेश सभी नेशनल हाईवेज़ के साथ में है। दिल्ली से निकलकर गुड़गांवा होते हुए राट्रीय राजमार्ग से जब हम जयपुर की तरफ जाते हैं तो मेरा अलवर क्षेत्र उसमें आता है। वहां दोनों तरफ की जमीन और चारों तरफ वहां लम्बी-लम्बी गाड़ियां खड़ी रहती हैं और किसानों से वे सौदा करते हुए नजर आते हैं। किसानों की जमीनें उनके हाथ से जा रही हैं। जो बड़े औद्योगिक घराने हैं, वे इतने निठुर हैं कि जहां लगता है कि जमीन मिलनी चाहिए, जहां उन्होंने उंगली टेक दी, वही जमीन उनको मिलनी चाहिए। मैं उदाहरण देना चाहूंगा कि मेरे राजस्थान में मेरे क्षेत्र के पास कोटपुतली नाम की एक जगह है।

21.00 hrs.

एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट का कारखाना बिड़ला समूह द्वारा ग्रासिम इंडस्ट्रीज के नाम से लगाया जा रहा है। वहां के किसान सरकार के सामने रो रहे हैं। वे कह रहे हैं कि हमारी जमीन बहुत उपजाऊ है, हमारी जमीन में अच्छा पानी है और अपनी जमीन में हम पुस्तैनी रूप से रह रहे हैं। वे बता रहे हैं कि यहां से दो-चार किलोमीटर दूरी पर बंजर और पहाड़ी जमीन है, आप वहां कारखाना बना लीजिए। उनकी बात को न सरकार सुनती है और न ही व्यापारी उनकी बात सुनते हैं। बाद में उन्हें घोट-घोटकर और प्रलोभन देकर जमीन से उन्हें बेदखल किया जा रहा है। ममता बनर्जी जी जिस बात को कह रही थी, उस बात को मैं कृाि मंत्री जी के संज्ञान के लाना चाहूंगा कि कुछ ऐसे नियम बनने चाहिए कि किसान की उपजाऊ जमीन को किसी कीमत पर नहीं बेचा जा सकता है। ऐसा कोई नियम कृाि विभाग या सरकार के द्वारा बनाया जाना चाहिए। मुझे बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि राजस्थान में वर्तमान राज्य सरकार के ऊपर बहुत सारे आरोप हैं, वहां की वर्तमान सरकार ने जयपुर के आसपास की हजारों एकड़ बीघा जमीन किसानों की लेकर, महिंद्रा एंड महिंद्रा को स्पेशल इकॉनामिक जोन के नाम से दे दी, यह किसानों को सबसे बड़ा दुख और दर्द है।

महोदय, राजस्थान सबसे ज्यादा सरसों का उत्पादक है। माननीय कृाि मंत्री जी के इन्टरवेंशन से पिछले सालों में फसलों और सरसों की खरीद समय-समय पर हुयी है। लेकिन जितनी खरीद होनी चाहिए, उतनी खरीद नहीं हो पाती है। खरीद का जो काम नाफेड या सरकारी एजेंसियां करती हैं, वह आधा-अधूरा ही करती हैं। हमारा क्षेत्र प्रति बीघा दस से पन्द्रह मन प्रति बीघा सरसों पैदा करता है और सरकार यह कह देती है कि हम छः मन प्रति बीघा के हिसाब से ही खरीदेंगे। खरीदकर जब वे चली जाती हैं, तो सरसों गोदामों में रह जाती है। मैं कृाि मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने आयल सीड आयल की समस्या को समझा, परखा और सदन में इस बात को स्वीकार किया कि श्रीलंका में जो सन् 2003 में जो फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ था, जिसके माध्यम फ्री फ्लो आफ वेजिटेबल आयल्स, जो श्रीलंका से यहां आ रहे हैं, उससे हमारे देश की तेल और घी बनाने वाली इंडस्ट्री को नुकसान हुआ है। आपने जब से नैफेड को एनेलाइजिंग एजेंसी बनाया है, तब से सरसों के भाव में सुधार आया है। लोकल इंडस्ट्री के अंदर कुछ उछाल आया है, कुछ जीवन आया है, मेरे क्षेत्र की बहुत सी आयल मिल्स धीरे-धीरे गति करने लगी हैं। लेकिन मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जो फ्री फ्लो आ रहा है, उसे बंद किया जाए और उसमें कुछ क्वांटिटी रिस्ट्रिक्शन की जाए। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप समर्थन मूल्य बढ़ाने जा रहे हैं, ऐसी हम उम्मीद रखते हैं, राजस्थान के अंदर कुछ फसलें हैं, मोठ, बाजरा, धनिया, मेथी, ज्वार, ग्वार आदि जो गोल फसलें राजस्थान में काफी मात्रा में पैदा की जाती हैं, माननीय कृाि मंत्री जी जब आप समर्थन मूल्य की चर्चा करें, तो मैं निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे यहां पैदा होने वाली बाजरे, मोठ, सरसों आदि का समर्थन मूल्य बढ़ाएं।

इन्हीं शब्दों के साथ मै अपनी बात को समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत आभारी हूं।

डॉ. अरविन्द शर्मा (करनाल) : महोदय, 14 अगस्त, 2006, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के राट्रपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के राट्र के नाम संदेश में भी कृाि एवं खाद्यान्न उत्पादनों पर जोर दिया है। उन्होंने टाइफैक मिशन के जरिये खेती करना और इसके लिए जल संचयन प्रणाली की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया है। ताकि 2020 तक मौजूदा 200 मिलियन टन प्र ातिर्वा से बढ़ाकर 360 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादनों की बढ़ोत्तरी हो सके।

ठीक उसी प्रकार 15 अगस्त, 2006, स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लाल किले की प्राचीर से झंडा फहराने के बाद हमारे देश के माननीय प्रधान मंत्री, गरीबों और किसानों के सच्चे हितैाी डॉ0 मनमोहन सिंह जी ने भी दुखी ह्रदय से अन्यदाताओं की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रधान मंत्री जी के इस अभिभााण में पूरे देश को किसानों की दुखद स्थिति पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि आज दुनिया का पेट भरने वाला वह किसान दुखी होकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया है। स्वतंत्रता दिवस से ठीक 5-6 दिन पहले देश के प्रधानमंत्री व श्रीमती सोनिया गांधी जी ने देश के तीन बड़े बाढ़ग्रस्त राज्यों महाराट्र, आंध्र प्रदेश एवं गुजरात का दौरा किया जहां पर बाढ़ से सब कुछ तबाह हो गया, वहां के किसान, खेतिहर मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी व उद्यमी व व्यवसायी बरबादी के कागार पर खड़े हो गये हैं। फिर भी हमारे प्रधान मंत्री जी ने जिस तरह से तीनों राज्यों के किसानों एवं बाढ़ पीड़ित परिवारों के राहत के लिए 1150 करोड़ रूपये की धनराशि आबंटित की है ठीक उसी प्रकार 15 अगस्त को उन्होंने महाराट्र के किसानों के ऋणों का ब्याज पूर्ण रूप से माफ करने की बात दोहरायी है। यह हमारे प्रधान मंत्री जी एवं यूपीए सरकार की किसानों के प्रति सच्ची सहानुभूति है।

भूमिहीन किसान, खेतिहर मजदूर बडी ही मेहनत से अनाज, गेहूं, दाल, चावल, चना, बाजरा, कपास एवं तिलहन पैदा करता है और देश की खुशहाली एवं उन्नति में भागीदारी दर्ज करता है। भारतीय किसानों द्वारा की गयी पैदावार विश्व के कइ अन्य विकासशील एवं गरीब देशों की भी अन्न एवं दालों की मांगों को भी पूरा करते हैं और जिससे विदेशी मुद्रा का सृजन होता है। फिर भी भारतीय कृाि विकसित एवं पश्चिमी देशों के मुकाबले में कमजोर स्थिति में है। क्योंकि आज भी भारतीय कृाि पुराने तौर तरीकों पर आधारित है। आज भी खेतीबाड़ी वार्ा के पानी को तरसती है और जिस साल ज्यादा बारिश होती है, बाढ़ की स्थिति बन जाती है और जिस भी साल बारिश नहीं होती तो किसानों को सूखे की मार झेलनी पड़ती है।

---

*The speech was laid on the Table.

आज भी भारतीय कृाि उद्योग आधुनिक तकनीकी की कमी की वजह से चीन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया एवं अन्य कई ि वकासशील देशों से भी पिछड़ा हुआ है जिस कारण खेती में पैदावार कम होती है। कृाि पर पूर्ण रूप से आश्रित किसानों, मजदूरों, खेतिहर मजदूरों की स्थिति दयनीय एवं सोचनीय बनी रहती है। आज आधुनिक युग में भारतीय कृाि रोजगार के क्षेत्र में सबसे निचले दर्जे की श्रेणी में आ गयी है। भारत सरकार, (यूपीए सरकार) ने समय समय पर किसानों एवं कृाि संबंधित उद्योगों की स्थिति को सुधारने का जोरदार प्रयास किया है। ताकि कृाि पर निर्भर लोग अपने जीवन यापन को आधुनिक बना सकें।

भारत सरकार ने कृाि संबंधी नीतियों और योजनाओं के प्रति किसानों को जागरूक करना चाहिए। कृाि एवं किसानों को अत्यधिक आधुनिक बनाने के लिए समय समय पर कृाि संबंधी पंचवर्ाीय योजनाएं बनानी चाहिएं उसके अंतर्गत आधुनिक एवं वैज्ञानिक तौर तरीकों को अपनाना चाहिए, नये नये प्रकार की फसलें उगाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण देना चाहिए। ताकि कृाि की पेदावार बढ़ सके और देश में ही नहीं विदेशों में भी भारतीय किसानों को नयी नयी तकनीक सीखने के लिए भेजना चाहिए।

नदियों के जल बंटवारें एवं बाढ़ के पानी को नियंत्रित करने संबंधी नीतियां बनानी चाहिए ताकि देश के छोटे और बड़े राज्यों में समान रूप से कृाि के लिए किसानों को समय पर पानी की उपलब्धता हो सके। इसके अंतर्गत नदियों को जोडने व बाढ़ के पानी को नियंत्रित करने की योजना जल्द से जल्द क्रियान्वित होनी चाहिए।

सरकार द्वारा किसानों के लिए बिजली तथा पानी की समुचित व्यवस्था करना चाहिए कम रेट पर बिजली उपलब्ध करानी चाहिए, बिजली के बिलों में भी छूट देनी चाहिए। सरकार को तालाब, कुएं, समरसीब्ल पम्प, सोलन पम्प, डेम, नदियां, रज वाहों की व्यवस्था करके हर छोटे बडे किसान को उसके खेत की आखिरी छोर तक पानी की उपलब्धता करानी चाहिए ताकि फसलों को कोइ नुकसान न हो सके।

सरकार द्वारा किसानों को कम ब्याज की दर पर ऋण उपलब्ध कराना चाहिए। खेती के लिए अच्छे बीज, आधुनिक कृाि यंत्र कम रेट पर उपलब्ध कराने चाहिए। ऋणों के भुगतान के समय किसानों के साथ कोइ सख्त कार्यवाही नहीं करनी चाहिए। जैसे कि हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने हरियाणा के किसानों के लिए कोऑपरेटिव सोसायटीज द्वारा दिये गये ऋणों को समय पर न भरने पर किसानों के प्रति सख्त कार्यवाही से मना किया है।

किसानों द्वारा की जा रही आत्म हत्याओं को रोकने के लिए भारत सरकार ने किसानों के कृाि उत्पादन पर उनकी लागत मूल्य के बराबर उनकी फसलों का समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। समय समय पर उनकी फसलों को समर्थन मूल्य एवं लागत मूल्य के हिसाब से बढ़ाना चाहिए और किसानों एवं उनकी फसलों के लिए बीमा योजनाएं तैयार करवानी चाहिए।

महोदय, मैं किसानों के सच्चे हमदर्द स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू एवं राजीव गांधी जी के स्वप्नों को साकार करने के लिए यूपीए की सरकार से प्रार्थना करता हूं कि कृाि को बढ़ावा देना देश की उन्नति और विकास को बढ़ावा देना है।

SHRI M. SHIVANNA (CHAMARAJANAGARA) : Mr. Chairman Sir, first of all Sir I would like to thank Mr. Mohan Singhji for bringing such a vital issue for discussion in this House.

Farmer is the backbone of our Indian Economy. But unfortunately to day his backbone is breaking. All his dreams are shattered. As per the statement of the Hon. Minister of Agriculture, Sharad Pawarji 100248 farmers have committed suicide between 1993 and 2003. This is the pathetic condition of farmers even after 59 years of Independence.

Just few days ago (Thursday) six farmers of Hata village in Akola district of Maharastra attempted suicide by drinking insecticide after they were allegedly denied cash compensation under a flood relief schemes. This situation will continue if we do not take care of the interest of farmers. The support price which is being announced periodically should be substantial. It may be sugarcane, coconut, ragi, paddy or any other crop but the price announced by the Central Government should be a substantial amount.

Tomato growers in Kolar were struggling to get Rs.2/- per kilo. Many of them were throwing tomatoes on the road desperately. Some of them took loan of Rs.50 thousand and ultimately they got only Rs.5000/- after selling their produce.

Similarly coconut growers are also facing lot of problems. The plants are falling one after another. Many of the trees are falling because of NUSI disease. They are not getting proper corupensation Coffee growers particularly small growers are facing crisis.

It is the farmers who brought green revolution and white revolution in this country. But what is the price of milk? The milk produced by farmer gets about eight rupees per litre where as Bisleri company collects fifteen rupees per litre of water. This is the pathetic condition of the farmers.

---

* English translation of the speech originally delivered in Kannada.

It is our late lamented leader and former Prime Minister who gave the slogan "JAI JAWAN JAI KISAN". To day after 59 years of Independence where does the farmer stand? It is high time for us to take corrective measures in this regard. Both State and Central Governments should consider this matter very seriously. The farmers in the country particularly in my constituency Chamarajanagara do not have crop insurance. They completely depend upon rain God and every two years the crop will fail. Hence it is very essential to provide insurance cover to all the crops.

Recently the Finance Minister has reduced the interest rate of agriculture loan and made it 7%. In China it is zero per cent. Tamil Nadu has reduced the interest and they are providing free electricity. A person who takes car loan pays less interest. In Karnataka the interest rate is only 4% Infact, this should be only one per cent and that is my demand to the Centre.

Now the union Government should come out with some revolutionary measures for the benefit of the farmers. Linking of rivers is lingering on for the last several decades. V.K.R.V. Rao gave his plan to link rivers. Nothing has been along in this regard. There are other options also before the Government in this matter. They have to take up linking of rivers very seriously and provide sufficient water to farmers of this country. This will solve most of the problems of our country.

Sir, I thank you and with these words I conclude my speech.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : सभापति महोदय, आज किसानों के विाय पर जो चर्चा हो रही है, इस में भाग लेते हुए बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि हम भी झारखंड के किसान परिवार से आए हैं। पहले सम्पूर्ण बिहार में झारखंड था। देश में किसान की उन्नति के लिए, उनके विकास के लिए और उनकी समृद्धि के लिए कई नीतियां बनीं, कई कानून बनाए गए और योजनाएं बनी है। लेकिन सम्पूर्ण बिहार में, झारखंड के होते हुए उसका एक परसेंट लाभ भी वहां के किसानों को नहीं मिला। धीरे-धीरे झारखंड के किसान आक्रोशित हुए, बिहार से अलग हुए। झारखंड के बिहार से अलग होने के बाद आज उस राज्य की जो स्थिति है, जो प्राकृतिक देन है, वहां की जमीन उबड़-खाबड़ है, पठारी, पहाड़ी क्षेत्र है। आज तक वहां का किसान प्रकृति पर ही निर्भर रहा है। अगर ऊपर से पानी गिरा यानी बरसात होती है, तो किसान की खेती होती है। अगर पानी नहीं गिरा, तो किसान को जंगल के

कंद-मूल खाकर जीवित रहना पड़ता है। वहां के अधिकतर किसान दूसरे राज्य में पलायन करते हैं। वे अपने बाल-बच्चों को जीवित रखने के लिए बंगाल, पंजाब आदि हर प्रदेश में रोजगार के लिए जाते हैं।

सभापति महोदय, यूपीए के आदरणीय कृाि मंत्री काफी अनुभवी हैं। मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि कृाि मंत्री ऐसी कोई नीति बनायेंगे जिसके तहत झारखंड के किसान का भविय उज्जवल होगा। झारखंड में किसान की जमीन किसी की दी हुई नहीं है। वे तीन पीढ़ी से जंगल काटकर, जमीन को समतल बनाकर रहते हैं। वे उस जमीन को सीढ़ीनुमा खेती करने लायक बनाते हैं। उस जमीन में प्रकृति की बहुत देन है। उस राज्य के नीचे काफी सम्पदा है। कहीं आयरन ओर है, तो कहीं तरह-तरह की खनिज सम्पदा है।

आज उस सम्पदा पर बड़े-बड़े मल्टी नैशनल के व्यावसायियों की तीखी नजर है। दुनिया के लोग उस जमीन को अधिग्रहण करने के लिए वहां आ रहे हैं। वहां बड़े-बड़े कारखाने खुल रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि वहां के किसान को जमीन का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इस संबंध में तमाम पूर्व वक्ताओं और हमारे मित्र ने बताया है कि वे लोगों को प्रलोभन बहुत अच्छा दिखाते हैं। वहां अच्छे पैकेज की घोाणा होती है। उनके दलाल किसान को समझते हैं कि अगर यह जमीन उनको दे दी गयी, तो आपके बेटा-बेटी की जिंदगी सुधर जायेगी। बड़ी -बड़ी कम्पनियों में उन लोगों को कुछ दिन के लिए नौकरी भी दी जाती है। लेकिन माडर्नाइजेशन के नाम पर ईएसएल और वीआरएस के तहत उन किसानों को निकाल भी दिया जाता है। आज किसान न घर का है और न घाट का है।

ऐसी स्थिति में, मैं मंत्री जी से नम्र निवेदन करना चाहूंगा कि सभी दलों के अधिकतर संसद सदस्य गांव से आये हुए हैं। भारत कृाि प्रधान देश है। भारतर्वा तभी मजबूत होगा जब गांव मजबूत होगा। इसलिए आज संकल्प लेने और नीति बनाने की जरूरत है, जिसके तहत किसान की जिंदगी सुधरे। ऐसी नीति की जरूरत है जिससे वह अपने बेटा-बेटी अच्छी एजुकेशन मिल सके, एक अच्छा माहौल मिल सके जिससे वे अपने बाल-बच्चों को अच्छी तरह से रख सकें।

आज गांव में हम पानी नहीं दे पा रहे हैं। वहां कोई भी कृाि उत्पादित वस्तु बाजार में नहीं लाई जा सकती। उस राज्य में 22 जिले हैं। उदयमान राज्य नया राज्य बना है। आज वहां के किसान इस व्यवस्था से बहुत बेजार हैं, दुखी हैं। जब किसान का बेटा भूख से मरता है तब वह राइफल्स उठा लेता है। आज वहां के 19 जिले उग्रवाद से प्रभावित हैं। पूरा झारखंड उग्रवाद से प्र ाभावित है क्योंकि वहां खदान बंद हो रहे हैं। वहां जो पब्लिक सैक्टर की कम्पनियां हैं, वे बंद होने की स्थिति में हैं। अगर देश में शांति रखनी है, किसान के हाथ में अगर काम देना है, तो गांव में पानी और बिजली देने की जरूरत है। झारखंड के 70 से 80 प्रतिशत गांवों के लोगों ने अभी तक बिजली नहीं देखी है। जमशेदपुर शहर छोटा शहर है। रांची के तोला, हजारी बाग और धनबाद में आज वाटर लैवल काफी नीचे चला गया है। पहले किसान अपने कुंए खोदकर उस पानी से खेती करते थे। लेकिन आज शहरीकरण जिस तरह से बढ़ रहा है, उद्यमी उद्योग लगा रहे हैं, वे यहां के पानी को ज्याद से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में आज किसान को पानी देना होगा। आज सरकार जो पैसा इण्डस्ट्री के लिए खर्च कर रही है, वह किसानों के लिए खर्च होना चाहिए। आज किसान के हाथों में बिजली और पानी पहुंचाने की जरूरत है तभी हम इस उग्रवाद का मुकाबला कर सकते हैं और युवाओं में बढ़ रहे आक्रोश को रोक सकते हैं।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आदरणीय कृाि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कम से कम झारखण्ड राज्य पर विशो ध्यान दें और कृाि के क्षेत्र में हम आपकी ऐसी पहल देखना चाहते हैं।

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने नियम 193 के तहत हो रही किसानों से सम्बन्धित इस चर्चा पर बोलने के लिए मुझे समय दिया।

आज किसानों की समस्याओं और उनकी निराशा पर चर्चा हो रही है। यहां जो प्रतिनिधि बैठे हुए हैं, उनमें से लगभग 80 प्रतिशत सदस्य किसान हैं या किसानों द्वारा चुने गए हैं। जब से यह देश आजाद हुआ है, यह हाउस बना है, यहां लोकतंत्र

कायम हुआ है, लगभग हर सेशन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा होती आई है।

महोदय, माननीय कृषि मंत्री जी स्वयं ही एक किसान हैं। हमें खुशी है कि किसानों के बारे में इनको चिन्ता है। किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए पांच चीजों - पानी, बिजली, इनपुट्स जैसे खाद, बीज, डीजल, पेस्टीसाइड्स और कृषि उत्पादों के लाभकारी मूल्य तथा कर्जे से मुक्ति - की आवश्यकता है। अगर ये पांचों चीजें मिल जाएं तो किसान खुशहाल हो सकता है। जो आत्महत्याएं हो रही हैं, वे मजबूरी में हो रही है। मैं अपने राज्य हरियाणा, पंजाब और कुछ हद तक वेस्टर्न यूपी के बारे में बता सकता हूं कि जब देश आजाद हुआ, किसान के पास औसतन 18 से 20 एकड़ जमीन प्रति परिवार थी। आजादी के बाद आज 59 साल के बाद, अब तक तीन पीढ़ियां गुजर गयीं, आज लैण्ड होल्डिंग दो से तीन एकड़ प्रति किसान रह गयी है। उस वक्त परिवार 10 आदमियों का था और आज परिवार 100 आदमियों का है। जमीन घट गयी, जमीन पर भार बढ़ गया, किसानों की दुर्दशा का यह भी एक प्रमुख कारण है।

महोदय, जब पानी की बात आती है, तो हमारे देश की जियोग्राफी ऐसी है कि कहीं पर बाढ़ है तो कहीं पर सूखा है। हर साल हजारों करोड़ रूपए सूखे और बाढ़ में बर्बाद हो रहे हैं और किसान को पानी नहीं मिल रहा है। अटल जी की सरकार ने सभी नदियों को जोड़ने की एक योजना बनाई थी, अगर वह ठीक तरीके से लागू हो जाए तो शायद पानी की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। इस पर प्रयोग करना चाहिए, यद्यपि बरसात कुदरत की चीज है। आज हरियाणा में सूखे की स्थिति है और देश के कई अन्य राज्यों में जबर्दस्त बाढ़ की स्थिति है। राजस्थान जैसे प्रदेश के कुछ हिस्सों में बाढ़ आ गयी है, लेकिन हरियाणा में सूखा पड़ा है। हम इसके लिए मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक हरियाणा को सूखाग्रस्त घोाित नहीं किया गया है। हरियाणा और पंजाब, जिनको कृषि की दृटि से खुशहाल प्रान्त कहा जाता है, आज वहां का किसान खोखला हो गया है, थोथा हो गया है। उसमें अब क्षमता नहीं रही है, उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गयी है

सारे आंकड़े बता रहे हैं कि किसान की क्या हालत है। आज पंजाब में भी किसान आत्महत्या कर रहा है और हरियाणा में भी कर रहा है, क्योंकि वह कर्ज से इतना दब गया है कि और कोई चारा उसके सामने नहीं है। इसलिए कृषि मंत्री जी को और सरकार को किसान को कर्ज से छुटकारा दिलाने के लिए नियम बनाने चाहिए।

बीमा योजना की बात आती है, अटल जी ने भी 20 प्रांतों में इसे प्रयोग के तौर पर लागू किया था। लेकिन यह योजना उसके आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए किसान की आशा लगातार टूट रही है। नेशनल सैम्पल सर्वे के अनुसार देश में 48 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जो किसी भी हालत में कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं। इससे पता चलता है कि किसान कहां जाएगा।

योजना आयोग की बात आती है, वह एग्रीकल्चर बेस्ड इंडस्ट्री को और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए, मेरे पास जो आंकड़े हैं उनके अनुसार, 1,40,000 करोड़ रुपए अगले दस साल में देने को राजी है। एक तरह से यह सब्सिडी है, इन उद्योगों को सब्सिडी देना मंजूर है, लेकिन किसान को मुआवजा देने की या अन्य रूप से राहत देने की बात आती है, तो योजना आयोग अंगूठा दिखा देता है कि हमारे पास बजट नहीं है। इस तरह की किसान विरोधी नीतियां बनाने वाले लोग कौन हैं, क्या ये वे लोग हैं जो ए.सी. में बैठकर किसान के बारे में नीतियां बनाते हैं और उसकी उपज का दाम तय करते हैं, जैसे धान का रेट सिर्फ दस रूपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है? मैं कृषि मंत्री जी जानना चाहता हूं कि कौन हैं वे लोग जिन्होंने यह दाम तय किया है? दाम तय करने का कोई क्राइटेरिया नहीं है, जबकि इनपुट की चीजें महंगी हो गई हैं और आम चीजों के दाम तो आसमान छू रहे हैं, लेकिन रेट सिर्फ दस रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया जा रहा है।

यदि आप किसानों के बारे में सही सोच रखते हैं, तो उन्हें लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए। हम उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के हक में नहीं हैं। किसान अपनी पूरी दिहाड़ी लगाता है, मेहनत करता है इसलिए उसे लाभकारी मूल्य की आवश्यकता है, न्यूनतम समर्थन मूल्य की पहले जरूरत थी, आज नहीं है। इसलिए कृषि मंत्री जी को इस पर ध्यान देना चाहिए।

जहां तक किसानों को ब्याज पर कर्ज देने की बात है, आज किसान कर्ज तले डूबता जा रहा है। दो-तीन साल पहले किसान को 18-19 प्रतिशत की ब्याज दर से कर्ज मिलता था। अटल जी की सरकार ने उसे घटाकर नौ प्रतिशत कर दिया। इस सरकार ने उसे और घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वास्तव में किसान को सात प्रतिशत की ब्याज दर पर कर्ज मिल रहा है? आपने इस बारे में बैंकों को कोई निर्देश नहीं दिए हैं। किसान को बीज, खाद इत्यादि के लिए आपने तीन लाख रुपए की लिमिट बनाई है और वह उसे सात प्रतिशत की ब्याज दर पर मिलेगा। लेकिन आप एक भी किसान ऐसा बता दें जिसने तीन लाख रुपए लिए हों, उसकी तो 50,000 रुपए से ज्यादा की लिमिट ही नहीं है। उसके लिए भी जब वह बैंकों में जाता है, तो कहा जाता है कि हमें ऐसे कोई निर्देश नहीं हैं इसलिए ये निर्देश जारी होने चाहिए।

सभापति महोदय, मैं दो मिनट और लूंगा। सरकार का ट्रेंड बन गया है, हमने पिछली बार देखा कि वित्त मंत्री जी ने कहा कि हम किसानों के एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा कर्ज दे रहे हैं। इसका अर्थ है कि उसे कर्ज उतारने के लिए और कर्जा देने की बात हो रही है। कर्ज लेकर कर्ज उतारना समस्या का समाधान नहीं है। जब तक किसान को आर्थिक दृटि से मजबूत नहीं बनाएंगे, उसकी फसल के उचित दाम नहीं देंगे, उसे खाद, बीज नहीं देंगे, बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं कराएंगे, तब तक कर्ज के लिए कर्ज देना किसान को एक तरह से और मारने के बराबर है।

बिजली की समस्या अत्यंत गम्भीर है। बहुत से माननीय सदस्यों ने बिजली के बारे में कहा। अभी जीरी की फसल का समय है। मैं दावे के साथ कहता हूं कि आज कृषि मंत्री जी सर्वे करा लें करीब 25 प्रतिशत किसानों ने धान की फसल उखाड़ दी। पानी नहीं है, मानसून नहीं आया, बिजली नहीं है, ट्यूबवैल्स नहीं चल रहे हैं, तो किसान को उखाड़ेंगे नहीं तो और क्या करेंगे। इसलिए बिजली की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। बरसात होना या न होना कुदरत के हाथ में है, लेकिन बिजली की व्यवस्था तो सरकार को करनी चाहिए। आप जीरी खरीदने का लक्ष्य बना रहे हैं। आपने देखा ही है कि गेहूं की हालत क्या हुई। आपने 650 रुपए प्रति क्विंटल उसके दाम तय कर दिए, उसकी वजह से यह हालत हुई और व्यापारियों ने वह गेहूं खरीद लिया, आपके पास नहीं आया। उसके बाद आपने 50 रुपए बोनस के रूप में देने की घोाणा की, लेकिन तब किसान के पास गेहूं नहीं था। व्यापारी बोनस का फायदा उठा गये। आप किसानोंको पैसा ठीक नहीं दे रहे हैं, इससे जीरी की फसल में भी आपका टार्गेट ठीक नहीं रहेगा।

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

श्री किशन सिंह सांगवान : एक बात और कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। जैसा कई साथियों ने अभी कहा कि प्रदेश की सरकारों का यह एक ट्रेंड बन गया है कि किसानों की जमीन एक्वायर करो और बड़े-बड़े डीलरों को बेचो। बड़ी-बड़ी कंपनियां आकर जमीन एक्वायर कर रही हैं, अच्छी जमीनें एक्वायर कर रही हैं। कहीं विशेा आर्थिक जोन बनाया जाता है, मार्किट बनाई जाती हैं। उनके सारे टैक्स माफ कर दिये जाते हैं। मेरा क्षेत्र सोनीपत दिल्ली के पास है और दिल्ली के तीन ओर हरियाणा लगता है। वहां की जमीन कितनी उपजाऊ और कीमती है लेकिन इंडस्ट्रिलिस्ट को वह जमीन सस्ते दामों पर दी गयी है। मेरे क्षेत्र में 2200 एकड़ जमीन, जिसका भाव एक से डेढ़ करोड़ एकड़ है, सरकार किसानों से 18 से 19 लाख रुपये में ले रही है। हम आर्थिक जोन के विरोध में नहीं हैं लेकिन वह ऐसी जगह बनाया जाए जहां रेट कम हैं, जहां जमीन उपजाऊ नहीं है। गुड़गांव आजकल हांगकांग बन गया है। ये लोग वहां जमीन एक्वायर करते हैं। आप सिरसा में जाओ, महेन्द्रगढ़ में जाओ, वहां आप आर्थिक जोन बनाएंगे तो किसान को भी अच्छा पैसा मिलेगा। लेकिन आजकल सरकार प्रॉपर्टी-डीलर का काम कर रही है। केवल मेरे प्रदेश की ही बात नहीं है बल्कि सारे प्रदेश की सरकारों का यही हाल है। सस्ते दामों पर किसान की जमीन लो और महंगे दामों पर बेचो, इससे बड़ा विकास नजर आयेगा।

मैं माननीय कृषि मंत्री एक बात और कहना चाहता हूं और वह यह है कि कृषि मंत्रालय का बजट रेल विभाग जैसा होना चाहिए। उसमें इरिगेशन, बिजली और रुरल डैवलेपमेंट भी आ गया, अलग-अलग विभागों का कोई फायदा नहीं है। सब विभागों को मिलाकर कृषि संबंधी एक विभाग बनाया जाए और उसका रेलवे की तरह अलग से बजट पेश किया जाए तभी गांवों का विकास हो सकता है।

MR. CHAIRMAN : Now, I have to make an announcement. Still we have more than 10 Members to speak. After that, the hon. Minister will have to reply. It will be very late. So, I do not think it will be possible to take up 'Zero Hour' matters today.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ़) : हम तो उसी के लिए बैठे हैं।

MR. CHAIRMAN : You please wait. I will consider. If the other Members cooperate and speak briefly, then I can do that.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : ठीक है सर।

SHRI HITEN BARMAN (COOCH BEHAR): Sir, after independence so many Budget was passed. Many scheme took up to save the farmers. But the condition of farmers was not improved. But why there are so many causes for distress among the farmers in the country. Farmers are not getting their reasonable price for the productive commodities. There is no irrigation facility for all the farmers. Subsidy of fertilizers and other equipments of the farmer slowly decreased. Want of rainfall so many state were drought and farmers are bound to commit suicide. Only special package is not solve the problem. After the announcing the special package of Bidava Area there are 70 farmers have suicide.

In this discussion, I want to draw attention to the Agriculture Minister that North Bengal i.e. Part of West Bengal. There is no irrigation facility. Only Teesta Project for irrigation running scheme. But last 30 years the scheme was not completed due to lack of sanction money from the Government.

Sir, I also draw attention to the Hon'ble Minister Sharad Pawarji. In this year in the area of Cooch Bihar District of West Bengal and also nearer the district also due to short rainfall the farmers are not able to cultivate about 40% of the land which are being cultivated had dried up due to shortage of rainfall. The only economic crop "Jute" due to shortage rainfall were not being decomposed. Serious problem arises in this area West Bengal Government declare drought area some moujas. In this circumstances, I wrote a letter to the Hon'ble Minister but not yet response from the Ministry. I humble request to Shard Pawarji to send a central team to observe the area and sanction more money for the drought area.

---

* The speech was laid on the Table.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA (ROHTAK): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to speak on this very important debate. Like it has been pointed out by a

multitude of speakers, we are on the threshold of a precarious agrarian crisis. Today, farming is both a way of life and the principal means of livelihood for about 65 per cent of our population and yet it only contributes about 20 per cent to our GDP. Truly, this is a story of our lost millions.

Sir, our farm population is increasing at a rate of about 1.8 per cent annually. In this regard, we are very different from some of the other Western industrial economies where the farm population has rapidly come down with the advent of industrialisation and other sectors becoming more prevalent. As a result of this, the size of our landholdings is going down at a rapid rate and all this is accounting for a very precarious cost-risk-return structure for our farmers. A recent NSSO Survey revealed that given a choice, about 40 to 50 per cent of our farmers would like to quit farming and join some other profession. This is really alarming for a country, which calls itself a *Krishi Pradhan Desh*.

Another recent insight article, written by Harish Damodaran, concludes that three-fourths of Indian farms take home a salary less than Rs.3,000 a month, which is less than 60 per cent of the starting salary for a Government peon. This is another point with regard to what kind of situation we are looking at.

Sir, agriculture, in India, is a non-remunerative and generally losing proposition and I think, it is very well debated in this House. I would not like to dwell on this subject, but I would straightaway get to the point. The main point of my debate will be the role of MSP regime itself. While, I will support most of the hon. Members, including Shri Kishan Singh Sangwan, that MSP for kharif needs to be steeply high, I would also comment on some other drawbacks of the MSP regime that we see today.

महोदय, जब मैं नौजवान था, तब मैं हिंदी का एक गाना सुनता था।

श्री किशन सिंह सांगवान : आप आज भी नौजवान ही हैं।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :जब मैं छोटा बच्चा था, तब एक गाना सुनता था " मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, मेरे देश की धरती।" यह बात आज भी सही है। मैं बच्चे से जवान हुआ। हमारे देश की धरती सोना, हीरे, मोती उगल रही है। मैं कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस सोने, हीरे, मोती को मिट्टी के मोल खरीदने का काम न करें। खरीफ का जो एमएसपी बढ़ा है, जो प्वायंट आउट किया है वह 0.15 परसेंट बढ़ा है। This does not even cover the inflation rate. It is actually 50 times less than the annual inflation rate.

Sir, I would like to ask the hon. Agriculture Minister, why has the Government of India fixed the MSP with total disregard to the suggestions and recommendations by the States. For example, in the case of the two most kharif producing States of Punjab and Haryana, in case of paddy. have recommended a hike of Rs. 150 and Rs.173 each, but that has been totally ignored.

MR. CHAIRMAN : You can lay it on the Table.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : Sir, I will conclude in two-three minutes.

Sir, another thing is the recommendation of the CACP. This is really serious. Not only are we looking at farmers getting less prices but we are also looking at the threat to food security of our nation. Just like the case with wheat, we can also face the similar situation to paddy. Now an argument has been brought forward, in case of paddy, our current reserves, the buffer stocks, are in much better situation than wheat. But we have to remember that wheat crisis started two-three years back, when the then Government took a sort of a decision to limit the hikes in MSP to very meagre amount. So, I think, we are looking at that kind of inflection point for paddy also. So, we have to take corrective measures from the beginning.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं एक चीज और कहना चाहूंगा कि हम किसान हैं, भिखारी नहीं हैं। एक ट्रेंड चला आ रहा है। वर्ा 2002 से पहले एनडीए की सरकार थी। पहले कम मूल्य देते थे और बाद में वृद्धि करते थे। पंजाब के मुख्यमंत्री और हरियाणा के हमारे सारे नेतागण थे, उन्होंने फैसला किया कि प्रधानमंत्री जी के घर के सामने धरना देंगे, तब मूल्य में वृद्धि की गई। रबी के सीजन में 50 रुपए का मूल्य बढ़ाया गया। क्या हर बार किसानों को इस देश में मांगना पड़ेगा और उसके बाद मूल्य बढ़ाया जाएगा? मैं जानना चाहता हूं कि किस आधार पर सीएसीपी एमएसपी का कैलकूलेशन करती है और मांगने के बाद ही मूल्य क्यों बढ़ाया जाता है? जब सारी स्थिति सामने होती है, तो कहां कमी रह जाती है?

I agree with the fact that we need to steeply hike the MSP. But I would also like to point out a few flaws with the methods of calculation of MSP.

मैं एक और गाना सुना करता था कि" गोल माल है सब गोल माल है।" आज यह हालत है कि किसान को फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, लेकिन जब ग्राहक वही अनाज खरीदने के लिए जाता है तो उसे ज्यादा मूल्य देना पड़ता है।

A recent study by Mckinsey and CII pointed out that Indian farmer gets much less than his counter-part in America and European Union, while Indian consumer pays much more than his counter-part in America and European Union.

So, we have to point out this middleman stigma that we have in our whole scheme. एक महत्वपूर्ण प्वाइंट है एमएसपी की जो सीएसीपी कैलकुलेशन करता है, उसमें क्यूमिलेटिव एवरेज लेता है। हमें प्रदेश के आधार पर एमएसपी का निर्धारण करना चाहिए।

MR. CHAIRMAN : Shri P. Karunakaran.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : We have to go for State-specific MSP because cost of production for any agricultural product is widely different from State to State. It is a very simple fact that some States are rich in electricity.

MR. CHAIRMAN: You can lay it on the table.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : Please, Sir; there are two or three important points that I would like to raise.

A few States are rich in electricity and some other States are deficient in electricity. The cost of electricity in the deficient States is much higher so the farmers eventually have to pay much

more. Similar is the case with the cost of land. जो एनसीआर प्रदेश हैं वहां कॉस्ट ऑफ लैंड ज्यादा हैं। किसान का उसी आधार पर ज्यादा खर्चा होता है। एमएसपी बुआई से पहले डिक्लेयर करना चाहिए और संविधान में मैंडेट है कि सीएसीपी बुआई के सीजन से बहुत पहले बताए कि एमएसपी कितना होना चाहिए? लेकिन ऐसा नहीं होता है। मैं पूछना चाहता हूं कि उन ब्यूरोक्रैट्स के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी जो एमएसपी की घोाणा में इतना डिले करते हैं। इसके कारण देश के किसान आत्महत्या कर रहे हैं। क्या सरकार उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बारे में सोचेगी?

MR. CHAIRMAN: Shri P. Karunakaran, you can speak.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. There is a limit to everything.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN: You are a young man; you can understand the difficulty. Please conclude.

… (*Interruptions*)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :सीएसीपी के कैलकुलेशन में बहुत बड़ी कमी है। रेट ऑफ इंटरस्ट का जिक्र नहीं है। जितना खर्चा है वह करते हैं लेकिन they do not take into consideration the rate of interest that the farmer pays in that particular investment. Today, our farmer is a borrowing farmer.

21.37 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

He spends a certain amount of money on a particular produce but, at the same time, on that money he is also paying a huge interest which ranges from two to five per cent on a monthly basis in some cases. So, we have to take into consideration that any calculation of MSP should be with the calculation of the interest rate.

---

* Not Recorded.

My last point is this. The desired two stakeholders of MSP were our farmers so that the farmers get good price, and the consumers so that the consumers do not have to pay too much. But, today, what we have seen in the last five or six years, rather during the last decade? This MSP regime has not been able to protect the interest of either farmers or the consumers. So, we have to look at delinking the food security and relief from procurement from support price operations. This is my prime recommendation.

MR. CHAIRMAN : Please conclude, Mr. Hooda.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : My second recommendation is that we have to also look at dual MSP.… (*Interruptions*)

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : हमारी बात छोड़ दीजिए लेकिन स्टाफ के लिए डिनर का इंतजाम नहीं किया गया है। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : बीच में टोका-टाकी न करें।

मध्य प्रदेश का चम्बल अंचल देश मे सरसों का रिकार्ड उत्पादन करता है। इस इलाके में कोई उद्योग लगाया जाये जिससे किसानों के परिवार बच्चों को रोजगार मिलेगा । कृाि अनुसंधान परिद के माध्यम से चम्बल क्षेत्र में किसानों को जागरुक करने के उद्देश्य से किसान मेले लगाये जायें, जिससे किसानों को अधिक से अधिक नए अनुसंधानों से संबंधित जानकारी मिले। किसानों को पर्याप्त बिजली और पानी मिले, इस बाबत राज्यों को और अधिक राजकीय आर्थिक सहायता दी जाये। मध्य प्रदेश के

चम्बल संभाग में किसानों की फसल सूखे, ओलावृटि के कारण बर्बाद हो जाने से उनका विद्युत का पैसा बकाया है उसे माफ किया जाए कृपया वहां सर्वे कराकर सहायता दी जाये जिससे किसान आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर न हो।

मध्य प्रदेश के चम्बल इलाके की नदियों के माध्यम से वार्ा का पानी बहकर चला जाता है। इसे रोकने हेतु क्वारी, कूनो, सोन. थाक, और आसन नामक नदियों पर छोटे-छोटे बांध बनाये जाने हेतु सहायता दी जाये। इससे किसानों को लाभ मिलेगा, जल स्तर भी बढ़ेगा और किसानों के कुंओं और नलकूपों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

किसानों को पशुपालन, सुअर और कुकुक्ट पालन आदि से संबंधित अधिक जानकारी दी जाये। रेल मंत्रालय की तरह कृाि मंत्रालय का बजट भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। *

…… This part of the speech was laid on the Table.

कृाि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद पवार) : सभापति महोदय, मुझे लगता है कि सदन में नौ या दस घंटे से ज्यादा सदन के सभी सदस्यों के मन में किसानों के प्रति चिंता है, इसीलिए ऐसे महत्वपूर्ण विाय पर बड़ी गंभीरता से डिस्कशन हुआ है। यह जो विाय था, इसके दो हिस्से थे - एक किसानों की आत्महत्या और दूसरा उचित मूल्य ।

ये दो ऐसे विाय हैं, जिनके आधार पर पूरे देश की कृाि नीति और कृाि स्थिति के बारे में गहराई से सोचने की आ वश्यकता है। जिन सदस्यों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया, मैं उन सबका आभारी हूं, क्योंकि उन्होंने यहां जो अपने विचार रखे, उनमें कुछ अच्छे सुझाव आए हैं, जिनका फायदा शायद मुझे नए कदम उठाने में होगा। सभी सदस्यों ने कहा कि देश का बहुत बड़ा वर्ग खेती पर निर्भर रहता है। हिन्दुस्तान का चित्र अलग है। हिन्दुस्तान में दुनिया की 16-17 प्रतिशत आबादी रहती है, दुनिया का 4.2 प्र ातिशत वाटर इस देश में है, दुनिया की 2.4 प्रतिशत जमीन इस देश में है, 65 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर रहती है, देश के वार्षिक उत्पादन में 21 प्रतिशत जीडीपी की जिम्मेदारी इस देश के किसान और जमीन में मेहनत करने वाले मजदूर करते हैं और देश के एक्सपोर्ट में 11 प्रतिशत हिस्सा खेती क्षेत्र का है। हमने पिछले 4-5 सालों में अनाज का उत्पादन देखा, तो पता लगा कि प्र ाति वर्ा हम 208, 209 और 210 मिलियन टन उत्पादन करने में कामयाब हुए। हर साल इस देश के किसान खेती के माध्यम से जो सम्पत्ति पैदा करते हैं, उसकी कीमत 517 लाख करोड़ रुपये है। इस देश के किसान एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी संभालने का काम करते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। लेकिन आज यह पूरा सैक्टर संकट में है। मैंने इससे पहले भी एक बार कहा था। श्री सुरेश प्रभु यहां नहीं हैं। उन्होंने यहां बहुत अच्छे सुझाव दिए थे, कई और माननीय सदस्यों ने भी अच्छे सुझाव रखे कि आज इस देश की जमीन पर कितना ज्यादा बोझ आ गया है।

1947 में जब हम आजाद हुए, तब इस देश की आबादी 35 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 106 करोड़ हो गई है। 35 करोड़ आबादी में से 70 या 80 प्रतिशत लोग खेती करते थे, लेकिन आज 106 करोड़ की आबादी में 60 प्रतिशत लोग खेती करते हैं, यानी जमीन कम हो गई है। 1947 में दिल्ली की क्या अवस्था थी और आज क्या है। दिल्ली के आस-पास का सारा इलाका, जिसमें खेती होती थी, आज अर्बनाइज़ बन गया है। देश का एक जिला, एक ब्लॉक या एक गांव भी ऐसा नहीं है जहां खेती की जमीन नान-एग्रीकल्चर या अर्बनाइज़ेशन के लिए कन्वर्ट न हुई हो। हमने बड़े-बड़े घर बनाए, इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाए, एजूकेशन इंस्टीट्यूशन्स बनाए, गांवों में स्कूल बनाए और जो जमीन खेती के लिए इस्तेमाल होती थी, वह नान-एग्रीकल्चर में कन्वर्ट हो गई, यानी 1947 से जमीन कम हो गई, लेकिन उस पर डिपैंड रहने वाला वर्ग बड़े पैमाने पर बढ़ा है। इसके साथ-साथ परिवार में जमीन का बंटवारा हुआ, फ्रैगमैंटेशन हुआ, उसके कारण खेती अनइकोनॉमिक होने के रास्ते पर जा रही है।

ऐसी तमाम बातें सदस्यों ने कहीं। जो सर्वे हुआ, उसके माध्यम से 40 प्रतिशत लोग आज खेती नहीं करना चाहते। उनको खेती करने में दिलचस्पी नहीं है, ऐसी स्थिति नहीं है। उनके परिवार खेत संभालने के लिए सक्षम नहीं हैं। उनकी खेती, उनका क्षेत्र इतना सीमित हो गया है जिसको उनका परिवार चला नहीं सकता। हम सभी जगह पर देखते हैं, सदन के सभी सदस्यों को मालूम है कि एक परिवार का सदस्य नौकरी करता है और दूसरे परिवार का सदस्य गांव में खेती करता है, तो उनकी स्थिति कम्पैयरेटिवली अच्छी रहती है। उनका मकान अच्छा होता है। शायद एक मोटरसाइकिल भी उनके दरवाजे पर खड़ी मिलेगी। मगर जिस परिवार में एक, दो बच्चे या सभी परिवार के सदस्य खाली खेती करते हैं, उनकी परिस्थिति बड़ी गंभीर होती है। आप उनका लैंड रिकार्ड देखिये। इस रिकार्ड में उन्होंने दुनिया भर का कर्जा लिया हुआ है। उन्होंने बैंक, लैंड डेवलपमैंट, सोसायटी या जहां से भी पैसा मिलता है वहां से पैसा लिया है क्योंकि उनको परिवार चलाने के लिए खेती की आमदनी पूरी नहीं पड़ती। इसलिए आज लोग खेती से बाहर जाने की सोच रहे हैं। हम इस क्षेत्र में क्या कर सकते हैं ?

यहां पर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की बात कही गयी। मैंने सदन के सामने किसानों द्वारा आत्महत्या करने के बारे में डिटेल्ड इनफोर्मेशन दी थी। लोगों द्वारा आत्महत्या करने की घटना कोई आज से नहीं है। मेरे पास 1950 से लोगों द्वारा आत्महत्या करने के आंकड़े हैं। इनमें से किसान परिवार के सदस्य कितनी आत्महत्या करते हैं, इसकी सेपरेट इन्फोर्मेशन 1995 से इस देश में इकट्ठा करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। 1995 से आज तक इस देश में एक लाख के पास लोग आत्महत्या करते हैं। इन आत्महत्यों में 12 से 14 परसेंट लोग किसान परिवार के होते हैं। बाकी अन्य परिवार के लोग होते हैं मगर 12,14,16 प्रतिशत आत्महत्या करने वाले लोग किसान परिवार के होते हैं। यानी 10 हजार से 12 हजार तक लोग हर साल आत्महत्या करते हैं।

पिछले पांच सालों से आत्महत्या का प्रमाण इस देश में बढ़ा है। मगर इस पर चर्चा पिछले दो सालों से हो रही है। मैं खुद पिछली बार आत्महत्या पर बोलने के लिए खड़ा हुआ था। मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आज जिस सरकार की हुकूमत है, वह इस सैक्टर में, इस समस्या के बारे में ज्यादा संवेदनशील है। इसलिए सदन में आत्महत्या की समस्या पर बहस की प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें हम रास्ता निकालना चाहते हैं। सदन में बैठे हुए सदस्य किसी भी साइड के हों, किसी को भी इस देश का किसान द्वारा आत्महत्या करने में खुशी नहीं है। उनको इससे वेदना होती है। कई लोगों की इससे नींद खराब होती है। इतने बड़े देश में फूड सिक्योरिटी की समस्या करने वाले परिवारों द्वारा आत्महत्या का रास्ता स्वीकार करने की जो परिस्थिति है, वह मेरे और आपके लिए बिल्कुल खुशी की बात नहीं है। इसमें कुछ न कुछ रास्ता निकालने की आवश्यकता है कि वे आत्महत्या क्यों करते हैं ? इस बारे में बहुत गहराई से इंक्वायरी की गयी, एनजीओज की मदद ली गयी। टाटा इंस्टीट्यूट जैसे एक अच्छे इंस्टीट्यूट की मदद ली गयी। इंदिरा गांधी डेवलपमैंट इंस्टीट्यूट की मदद ली गयी, मैनेज इस्टीट्यूट जो भारत सरकार की है, वह आंध्र प्रदेश मे काम करती है, उसकी मदद ली गयी। इसके तहत हर परिवार की जांच की गयी। इनमें से कई बातें सामने आयी हैं, जिनका जिक्र कई माननीय सदस्यों ने सदन में किया है। एक नॉन ऐवेलबिलिटी ऑफ ऐश्यार्ड वाटर, इरीगेशन के बारे में 40 प्रतिशत खेती आज इरीगेटड ह जबकि बाकी खेती मानसून पर निर्भर रहती है।

अगरमानसून ठीक हो गया तो स्थिति ठीक, अन्यथा परिस्थिति गंभीर हो जाती है। आपके बिहार जैसे राज्य पर अगर ठीक तरह से ध्यान दिया जाए तो शायद हिन्दुस्तान की अनाज की समस्या हल करने की ताकत बिहार में, वहां की धरती में और वहां के लोगों में है। लेकिन आज वहां सूखे की स्थिति दिखाई दे रही है। अगर वहां यह परिस्थिति रही तो इसका असर पूरे देश पर हो सकता है। कभी सूखे और कभी बाढ़ की इस परिस्थिति से हमें रास्ता निकालना होगा। मानसून की यह अनसर्टेनिटी एक बड़ी समस्या है। दूसरा कारण यह है कि जमीन की प्रोडक्टिविटी घट रही है, इसका असर किसानों के परिवारों पर हो रहा है। जब

उनको उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिलता है तो परिस्थिति गंभीर हो जाती है, यह तीसरा कारण है। किसानों को ऋण मिलने के लिए हमने जो जो इंतजाम हमने किए थे, उनसे आज बड़े पैमाने पर ऋण देने में कामयाबी मिलने के बावजूद 40 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को फॉर्मल रास्ते से ऋण अभी भी नहीं मिल पा रहा है। अभी भी 60 प्रतिशत तक किसान प्राइवेट मनीलेंडर्स के पास जाते हैं और उनको कई जगह पर 25-30 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक ब्याज देना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में पैसा वापस करने की ताकत उनमें नहीं रह जाती तो सुसाइड के रास्ते पर जाने की भावना उनमें आती है। पूरे बैंकिंग सिस्टम में एग्रीकल्चर को देखने का जा रवैया है, उसमें सुधार करने की आवश्यकता है। आज क्रॉप लोन के बारे में कुछ रास्ता निकला है, मगर किसानों को सिर्फ फसल लेने के लिए ही पैसे की आवश्यकता नहीं होती है। उनके घर में शादी होती है, कभी बच्चों की पढ़ाई की समस्या पैदा होती है, कभी घर में कोई बीमार हो जाता है, तो ऐसे कामों के लिए उनको पैसा मिलने के लिए बैंकिंग सिस्टम में कोई रास्ता नहीं है। ऐसी परिस्थिति में खेती के नाम पर पैसा लेने और वह पैसा दूसरे काम के लिए खर्च करने पर, वह पैसा डायवर्ट होने के बाद वह पैसा वापस करने की ताकत उनमें नहीं होती है। ऐसे में वह डिफाल्टर बनता है, डिफाल्टर होने के बाद बैंक का रास्ता बन्द हो जाता है। तब वह किसान मनीलेंडर्स के पास जाता है जिससे उनको छुटकारा नहीं मिलता है। कई लोगों की आत्महत्या के पीछे इस तरह के कारण देखने में आए हैं। इन सभी चीजों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। केवल चार दिन या चार साल में यह परिस्थित पैदा हो गयी है, मैं ऐसा नहीं कहता हूँ। जब हम आजाद हुए, पंडित जवाहर लाल नेहरू का नेतृत्व था। पंडित जी ने सबसे ज्यादा ध्यान पंचवर्षीय योजना में कृषि के लिए दिया था। पंडित जी ने एक जगह पर कहा था कि

"Everything can wait but not agriculture". उनकी कृषि के बारे में टोटल एप्रोच यही थी। इसीलिए उस जमाने में खेती के क्षेत्र में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए बहुत अच्छे कदम उठाऐ गए। सदन के कई माननीय सदस्यों को जानकारी होगी कि हम हमेशा जब बाबा साहेब डा0अम्बेडकर का नाम लेते हैं, तो हमारे सामने समाज के दलित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए बाबा साहेब का योगदान आता है, देश के संविधान को तैयार करने में उनका योगदान आता है। बाबा साहेब अम्बेडकर का एक दूसरा पक्ष भी है। वे आजादी से पहले देश के वाटर रिर्सोसेज मिनिस्टर थे। उस समय उन्होंने देश की आगे की परिस्थिति अपनी नजर के सामने रखी और कुछ अच्छे कदम उठाए थे, उनमें भाखड़ा नांगल बांध के लिए डिसीजन, दामोदर वैली का डिसीजन, इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड्स सेट-अप करने का डिसीजन और इन्टरस्टेट ग्रिड तैयार करने का डिसीजन आदि शामिल हैं। आज उनका नाम लेने वाले उनके कई समर्थकों को बाबा साहेब अम्बेडकर का यह योगदान मालूम नहीं है। पंडित जी ने एक साइंटिफिक टैम्पल की कल्पना करके उस पर काम किया था। इसमें उनका सहयोग लिया था। हमारे देश में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पंचवर्षीय योजनाएं बनीं, इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की ओर ज्यादा ध्यान दिया गया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी के हाथ में देश की हुकूमत आने के बाद अनाज की समस्या काफी गम्भीर हो गई थी। इसका रास्ता निकालने के लिए सी. सुब्रमण्यम जैसा कृषि मंत्री सौभाग्य से देश को मिला। फिर बाबू जगजीवन राम जी ने कृषि मंत्री की जिम्मेदारी ली। इन दोनों के नेतृत्व में सबसे बड़ा काम यह हुआ कि साइंस और टेक्नोलॉजी कृषि के क्षेत्र में लाई गई।

सदन में इस विाय पर चर्चा करते हुए कुछ माननीय सदस्यों ने बीज की समस्या उठाई। यह बात सत्य है कि हमें उत्पादन बढ़ाना है तो अच्छे बीज की आवश्यकता होती है। कई सदस्यों ने सीड में जो परिवर्तन आ रहा है, उस बारे में अपनी चिंता यहां व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारा ट्रैडिशनल सीड फायदेमंद है। यह बात सच है कि कुछ ट्रैडिशनल सीड हम लोगों का मददगार हो सकता है। उसमें भी कुछ बदलाव करने की आवश्यकता होती है। जब देश में हरित क्रांति हुई, उसका एक इतिहास है। सी. सुब्रमण्यम जी ने गेहूं की कमी के कारण विदेश से गेहूं का सीड मंगाया, जो मैक्सिकन शिप से यहां आया था। नार्मन बोरलॉग, जिन्हें नोबल प्राइज़ मिला था, उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान किया था और वह हिन्दुस्तान के मित्र थे। आज उनकी उम्र 90 वर्ा से ऊपर है। वह करीब छः महीने पहले यहां दिल्ली में आए थे। हमारे देश में जहां-जहां कृषि क्षेत्र में अनुसंधान होता है, वहां-वहां जाकर उन्होंने विशेाज्ञों और वैज्ञानिकों के साथ एक रिश्ता कायम करने का काम किया था। उन्होंने एक वैराइटी डवलप की थी, जिसे शिप से भारत लाया गया था। सुब्रमण्यम साहब ने देश के सभी एग्रीकल्चर कमिश्नर्स की बैठक बुलाई और इस बारे में कहा। आपको ताज्जुब होगा कि पंजाब राज्य को छोड़ कर अन्य किसी भी राज्य के कृषि मंत्री या कमिश्नर उस बीज का ट्रायल लेने को तैयार नहीं थे। पंजाब ने वह सीड लिया। पहले ही साल पंजाब में इतने गेहूं की पैदावार हुई कि वहां रखने की जगह नहीं मिली और स्कूल की इमारतों का इस्तेमाल उसके लिए किया गया। तब देश में ग्रीन रिवोल्यूशन हुई थी और हमें यह समस्या हल करने में कामयाबी मिली थी।

मैंने शुरू में कहा था कि हमें 208 मिलियन टन तक पहुंचने में कामयाबी मिली, लेकिन छठी पंचवर्षीय योजना के बाद परिस्थिति में बदलाव आ गया। यह बदलाव ऐसा आया कि जो टोटल इंवैस्टमेंट एग्रीकल्वर सेक्टर में करने की आवश्यकता थी, उसमें दिन-ब-दिन कमी आनी शुरू हो गई। 1985-1986 के प्लान में, during 1980-95, that is during the Sixth Plan, the all India situation indicates that the gross fixed capital in agriculture, as proportion to GDP, has declined from 3.1 per cent to 1.6 per cent. छठे से नौवें प्लान में यानी 15 साल के समय में Our total investment, which went up to three per cent, as proportion to GDP, has come down to 1.6 per cent. हमारी राशि कम हो गई। Investment in agriculture, as percentage share of GDP at current prices, had decreased from 2.56 per cent to 1.6 per cent during 1990-2004. इससे भी ज्यादा गम्भीर स्थिति यह हुई कि पब्लिक एंड प्राइवेट जो टोटल इंवैस्टमेंट होती है, उसमें दिन-ब-दिन पब्लिक इंवैस्टमेंट कम होने लगी और जो प्राइवेट इंवैस्टमेंट हुई, वह टाटा-बिड़ला की नहीं थी। प्राइवेट इंवैस्टमेंट यानि किसानों ने बैंकों से कर्ज का बोझ सिर पर लिया, चाहे कुंए के लिए, चाहे बोरिंग के लिए, चाहे ट्रेक्टर के लिए इंवैस्टमेंट की और इस प्राइवेट इंवैस्टमेंट से किसानों का बोझ बढ़ गया। बाकी समस्याएं भी आ गयीं और वह भी चल रही हैं। जैसा मैंने कहा कि हमारी जमीन की होल्डिंग का साइज फ्रैगमेंटेशन के बाद बहुत कम हो गया और खेती अलाभकारी होने लगी। इसके साथ ही कुछ और कदम भी यहां उठाने की आवश्यकता थी और जैसा मैंने कहा कि बिना सिंचाई के आप खेती नहीं कर सकते हैं। जैसा माननीया तेजस्विनी जी ने यहां कहा कि सिंचाई के क्षेत्र में भी जो टोटल इंवैस्टमेंट करने की आवश्यकता थी, उसमें हमारी कमियां रह गयीं। आज पूरे हिंदुस्तान में 232 बड़े प्रोजैक्ट्स, 929 मीडियम प्रोजैक्ट्स और जो पुराने प्रोजैक्ट्स थे, जिनको दुरुस्त करने की आवश्यकता थी, ऐसे 1238 या 1240 प्रोजैक्ट्स कई सालों से बनने में लगे हैं। कुछ में तीस साल पहले काम शुरू हुआ, वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जिस प्रोजैक्ट की इंवैस्टमेंट 50 करोड़ थी, आज वह बढ़कर 700 करोड़ से ज्यादा हो गयी है और वह प्रोजैक्ट अभी भी पूरा नहीं हुआ है, क्योंकि इस काम पर हमने ध्यान नहीं दिया। इसके साथ-साथ जो हमारी जमीन है, इसकी फर्टीलिटी कम होने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है, इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। ये सभी समस्याएं हमारे सामने आई हैं और हमें इनका रास्ता निकालना है। किस प्रकार से रास्ता निकल सकता है, इस पर हमें ध्यान देना होगा। जमीन पर बोझ हम किसा प्रकार से कम कर सकते हैं, इस पर भी हमें ध्यान देना होगा। किसान परिवार का लड़का खेती में ही रहना चाहिए, इसमें हम क्या सुधार कर सकते हैं और उनकी एजूकेशन बढ़ाकर दूसरे क्षेत्रों में जाने के लिए क्या हम कोई नया रास्ता दिखा सकते हैं, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसान परिवार के लड़कों को खेती छोड़कर दूसरे कामों में मौका देने के लिए किस तरह उनको प्रोत्साहित कर सकते हैं, इस पर ध्यान देने की आवश्यकतक। जमीन का बोझ कम करने की आवश्यकता है, इस पर हमें ध्यान देना होगा। सिंचाई की समस्या को दूर करने की ओर हमें ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा।

मुझे खुशी है कि पिछले दो सालों में पहली बार सिंचाई के लिए पिछले आठ-दस सालों में जितने प्रॉविजन किये गये, उससे ज्यादा कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जहां पानी आने की संभावना नहीं है वहां वाटर शैड डैवलेपमेंट का काम करने की आवश्यकता है। इस देश में इसका काम चार-पांच एजेंसियां करती थीं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, रूरल डिपार्टमेंट, एग्रीकल्वर मिनिस्ट्री, वाटर रिसोर्सेज मिनिस्ट्री और प्लानिंग कमीशन से काम होता था। इनमें कहीं न कहीं तालमेल की आवश्यकता है। इसीलिए सरकार ने रेन-फैड अथॉरिटी से कराने का डिसीजन ले लिया और तीन हफ्ते पहले इसका डिसीजन फाइनल हो गया है। एग्रीकल्चरल मिनिस्ट्री के नेतृत्व में रेन-फैड अथॉरिटी इस देश में वाटर कंजरवेशन का काम करेगी, इस बारे में एक बहुत बड़ा डिसीजन इस क्षेत्र में लेने के लिए किया है। सीड अच्छी तरह से मिलना चाहिए, इस पर भी कई सदस्यों ने यहां विचार रखे। माननीय मोहन सिंह जी ने जिस डिस्कशन की शुरुआत की थी। आईसीएआर ने दो साल में 240 नयी वैराइटीज, अलग-अलग किस्म की, इस देश का डैवलेपमेंट करने के लिए साइंटिस्टों से कहा और हमारे देश की साइंटिस्ट कम्युनिटी आगे आ गयी।

मैंने पिछले दो सालों से सूचना एकत्र की है कि अलग-अलग किस्म की 240 नई वैराइटीज विकसित करने के लिए हमारी साइंटिफिक कम्यूनिटी कामयाब हो गई है, फिर भी इस बारे में काम करने की आवश्यकता है। सीड्स के बारे में सदन में अलग-अलग विचारधारा रखी गई। दुनिया के सामने एक कंट्रोवर्सी आई है, जिसे जेनेटिकली मोडिफाइड सीड्स और बीटी काटन बोलते हैं। कई सदस्यों ने बीटी काटन के बारे में अपने विचार रखे। यह बात सच है कि जो आत्महत्याएं हुई हैं, उनमें से काटन एरिया में आत्महत्या का परसेंट ज्यादा है। यह परसेंट इसलिए ज्यादा है क्योंकि जहां काटन होता है, जैसे पंजाब और मध्य प्रदेश का थोड़ा हिस्सा छोड़ दें, तो बाकी सभी जगह काटन या रेनफैड क्रौप है, जहां पानी मिलेगा या नहीं, यह निश्चित नहीं है। काटन के लिए बीज और फर्टिलाइजर्स के लिए ज्यादा निवेश की जरूरत होती है। अगर उत्पादन ठीक नहीं हुआ, कीमत ठीक नहीं मिली

तो इसका बोझ सीधा किसानों के ऊपर पड़ता है। उस बोझ को कुछ लोग सहन नहीं कर पाते और इसलिए किसानों को आत्महत्या के रास्ते पर जाना पड़ता है।

एक-दो सदस्यों ने यहां कहा कि बीटी काटन इसके लिए जिम्मेदार है। आज दुनिया के तीन देशों चाइना, यूएसए और मैक्सिको में बीटी काटन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। इन तीन देशों ने बीटी काटन का 80-90 परसेंट उत्पादन करने के लिए कदम उठाए हैं। गुजरात में बीटी काटन से लाभ हुआ है। पंजाब में बीटी काटन लगाने के लिए पिछले साल तक इजाजत नहीं थी लेकिन पंजाब के किसान ने यह नहीं सोचा कि इसकी इजाजत नहीं है और कहीं से भी बीज लाने की कोशिश की और अपने क्षेत्र में बीटी काटन का उत्पादन किया और उन्हें कामयाबी मिली है। मगर एक बात सच है कि जहां रेनफैड काटन है वहां बीटी काटन लगाना रिस्की है, क्योंकि पानी नहीं मिला तो फसल खराब हो जाएगी। बीटी काटन का बीज महंगा है और इतना अधिक निवेश करने के बाद अगर उनकी फसल खराब हो गई, तो किसान के ऊपर ज्यादा बोझ पड़ता है। जहां पानी की उचित व्यवस्था नहीं है, वहां इस प्रकार की फसल लगाना, इस बारे में 10 बार सोचने की आवश्यकता है। लेकिन बीज ही खराब है, ऐसी स्थिति नहीं है। यह बात कही गई कि इसका क्या असर हो सकता है। जब नए किस्म का कोई उत्पादन इस देश में करना होता है तो 6-6 साल तक ट्रायल करते हैं और पर्यावरण तथा स्वास्थ्य और सॉयल पर उसका क्या असर होगा, यह बराबर देखा जाता है। इसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। इसे गंभीरता से देखने की जिम्मेदारी हमारी साइंटिफिक कम्युनिटी करती है। यह वैरायटी ठीक है, इस तरह की रिपोर्ट आने के बाद ही बीटी काटन की इजाजत दी गई। इसके उत्पादन की अनुमति यूपीए सरकार आने के दो साल पहले दी गई थी। जो भी कदम पिछली सरकार ने उठाया, पुरानी सरकार का वह कदम ठीक था। इसका फायदा हमें जरूर होगा, इसका मुझे विश्वास है। कृषि क्षेत्र में ज्यादा निवेश की आवश्यकता है, प्रोडक्शन के लिए ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, एग्रीकल्चर क्रेडिट को ज्यादा करने के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है, मार्केटिंग प्रोसेसिंग की व्यवस्था की भी आवश्यकता है। इसके साथ किसानों को सप्लीमेंटरी इनकम किस प्रकार हो सकती है, इस बारे में भी ध्यान देने की आ वश्यकता है और इन सभी क्षेत्रों में कुछ-न-कुछ कदम उठाए गए हैं। मैंने इससे पहले भी कहा था कि सरकार के हुकूमत में आने के बाद पहले 15 दिनों में निर्णय ले लिया कि हम 3 साल में एग्रीकल्चर क्रेडिट दुगुना करना चाहते हैं और इसमें हम कामयाब भी हुए हैं। हर साल 110 परसेंट से ज्यादा जो टार्गेट था, वह पूरा करने में हमें कामयाबी मिली है। 2004-05 में हुकूमत में आने के बाद 1 लाख 5 पांच हजार करोड़ रुपए का एग्रीकल्चर लोन देने का हमने टारगेट रखा। जबकि 1,25309 करोड़ रुपए खर्च हुए।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : मैंने कल परसों जायजा लिया ...(व्यवधान)

SHRI SHARAD PAWAR: I have not yielded. इससे पहले 86 हजार करोड़ रुपया टोटल कर्जा दिया गया था। पहले साल हम एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए के आसपास पहुंच गए। 2005-06 में 1 लाख 44 हजार करोड़ रुपए का टारगेट बनाया जबकि एक्चुअली 1 लाख 57 हजार 479 एचिव हुए। 111.69 परसेंट टारगेट पूरा करने में हमें कामयाबी मिली। इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। यह बात स्वीकार करने के बाद कुछ न कुछ कदम उठाए गए। मुझे मालूम है कि शेडयूल्ड बैंकों द्वारा आज 57 परसेंट राशि के क्रैडिट की सप्लाई हुई है। कोआपरेटिव इंस्ट्टीट्यूशन्स के माध्यम से केवल 27 परसेंट हुआ है जिसमें बहुत सुधार करने की आवश्यकता है।

यह बात सच है कि देश के कोआपरेटिव इंस्ट्टीट्यूशन्स की हालत खराब है। उनकी हैल्थ सुधारने के लिए यूपीए सरकार ने एक कदम उठाया और वैद्यनाथन एक्सपर्ट की अध्यक्षता में एक कमेटी नियुक्त की। उसकी रिपोर्ट आ गई है। उन्होंने कहा कि 14 हजार करोड़ रुपए की लागत लगाने के बाद कोआपरेटिव इंस्टीट्यूशन्स की हालत सुधार सकते हैं, उन्होंने ऐसा प्रस्ता व हमारे सामने रखा है। प्रधान मंत्री ने सभी देश के मुख्यमंत्रियों की मीटिंग बुला कर डिटेल में डिसकशन किया और राज्यों की सहमति लेकर इस पर अमल करने की तैयारी की। 14 हजार करोड़ रुपए की टोटल इनवैस्टमैंट करके बैंकों की हैल्थ ठीक करने की आवश्यकता है। इनमें 12 हजार करोड़ रुपए भारत सरकार देगी और सिर्फ दो हजार करोड़ रुपए की जिम्मेदारी राज्य सरकार के ऊपर होगी। दो साल में देश के बैंक, डिस्ट्रिक्ट सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक, स्टेट कोआपरेटिव बैंक और विलेज सोसायटीज तीनों की हैल्थ सुधारने के लिए एक बड़ा कदम सरकार ने उठाया है। हम इस रास्ते पर जा रहे हैं।

इसके साथ-साथ कई ऐसे कदम उठाए गए हैं। यहां एक बात कही गई कि हम कर्जा देकर बोझ बढ़ाते हैं। मैं उन साथियों से सवाल पूछना चाहता हूं। हम जब तक कैपिटल और बाकी इनवैस्टमैंट करने के लिए कोई न कोई इंतजाम नहीं करेंगे तो वे कैसे खेती करेंगे, कहां से पैसे लाएंगे, क्या मनी लैंडर से लाएंगे या साहूकार से लाएंगे? उनके लिए आसानी से पैसा देने

का रास्ता खोलना होगा और इंटरस्ट रेट कम करने के लिए कोई न कोई कदम उठाना होगा। एनडीए सरकार ने पहली बार 50 हजार रुपए तक 9 परसेंट के आसपास इंटरस्ट करने के लिए कदम उठाया जो एक अच्छा कदम था। इसमें सुधार करने की आ वश्यकता थी। हमारी सरकार ने 7 परसेंट इंटरस्ट रेट करके तीन लाख रुपए तक की लिमिट बढ़ायी। हमने इस पर अमल करने की शुरुआत की है। तेजस्विनी जी ने जो समस्या उठायी है, वह बराबर चल रही है। कोआपरेटिव इस्टीट्यूशन्स को पूरी मदद करने के लिए नाबार्ड में सुधार करने की आवश्यकता है। नाबार्ड ने जो डिसिजन लिया है, उससे कोआपरेटिव बैंकों के माध्यम से किसानों को प्रॉफिट मिलेगा। उन्होंने 40 परसेंट क्रॉप लोन देने की तैयारी की है। बाकी कोआपरेटिव बैंकों के ऊपर होता है लेकिन आज उनकी उतना ताकत नहीं है। इसके ऊपर बुरा असर होगा। इसलिए इसमें कुछ न कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। हम क्या कदम उठा सकते हैं, इस बारे में डिसकशन करके रास्ता निकालने के लिए, हमने एक अक्तूबर को मुख्यमंत्रियों की मीटिंग बुलायी है। उसमें कुछ न कुछ जिम्मेदारी राज्य सरकारों को लेनी होगी, या भारत सरकार को खुद लेनी होगी, इस पर कुछ न कुछ डिसिजन हो जाएगा। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह समस्या अगले 15 दिन में हम दूर करेंगे और किसानों की मदद करके इस समस्या को दूर करेंगे।

23.00 hrs.

चार राज्यों में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या ज्यादा है। इन चारों राज्यों के बारे में यहां ज्यादा डिस्कशन हुआ। हमने स्टडी की और पाया कि देश के सारे राज्यों में थोड़ी बहुत आत्महत्याएं हुई हैं और इन आत्महत्याओं का प्रमाण महाराट्र, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में ज्यादा है। वहां भी कुछ जिलों में ज्यादा आत्महत्याएं हुई हैं। महाराट्र सरकार ने हमारे पास सूचना दी कि विदर्भ के छः जिलों में परिस्थिति अधिक गम्भीर है। कर्नाटक ने भी छः जिलों के बारे मे हमें सूचना दी। आंध्र प्रदेश ने 16 जिलों में परिस्थिति गम्भीर होने की सूचना दी और केरल में जो पुरानी सरकार थी, उन्होंने तीन जिलों का प्रपोजल हमारे सामने रखा। हमने इसकी बड़ी गहराई से इंक्वायरी की और सोचा कि इस बारे में हम क्या कर सकते हैं और देखा कि सभी जिलों को इस परिस्थिति से बाहर निकालने के लिए कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बात को मद्देनजर रखते हुए कुछ एरियाज में हमने इस पर ध्यान देने की तैयारी की।

सभापति महोदय, यहां पैकेज के बारे में बहुत सी बातें कही गई हैं। उनमें दो-तीन बातों पर हमने पहले ध्यान दिया कि जिन किसानों के ऊपर कर्ज का बोझ है, जो डिफाल्टर्स बने हैं, उनकी हम कैसे मदद कर सकते हैं और उनकी मदद करने के लिए हमने कदम उठाया कि इनके सिर पर जो टोटल कर्ज का बोझ है, इस कर्ज के बोझ की हम सात साल की इंस्टालमैन्ट्स करें, इसमें दो साल का मॉरिटोरियम दें, पहले दो साल यह पैसा रिकवर न करें और उनके डिफॉल्टर्स होने के बावजूद उन्हें नया कर्ज देने का रास्ता खोलें तथा उनके ऊपर जो इंटरैस्ट का बर्डन है, इस इंटरैस्ट बर्डन का सौ प्रतिशत बैंकों में भरने का काम स्टेट गवर्नमेन्ट और भारत सरकार करेगी। यहां माननीय सदस्य श्री राठौड़ ने कहा कि किसानों का कोई फायदा नहीं हुआ। मैं पूछना चाहता हूं कि बैंकों से पैसा लेने के बाद किसान डिफाल्टर्स बन गये और वह बोझ उनके सिर पर आ गया, इस कर्ज के बोझ का कुछ हिस्सा भारत सरकार ने बैंकों में उनके नाम पर भरा है, इससे किसको फायदा होगा, इसका फायदा किसानों को होगा। किसी पोलिटिकल पार्टी को फायदा होगा, यह बोलने में आसान है, लेकिन यह थोड़ा समझने की बात है, यह गम्भीर बात है। हमने देखा कि इसमें उन्हें मदद करने की आवश्यकता है और हमने उनकी मदद की।

दूसरा काम यह किया कि उस डिस्ट्रिक्ट में एग्रीकल्चर क्रेडिट का फ्लो बढ़ाने के लिए हमने कदम उठाये। तीसरी बात यह है कि सुसाइड का मुख्य कारण वहां एश्योर्ड इर्रिगेशन नहीं है, यह बात जब सामने आई, तब जो डिस्ट्रिक्ट्स इसमें कवर होते हैं, उन सभी जिलों के सभी प्रोजैक्ट्स, जिन्हें क्लियरेन्स मिला है, फॉरेस्ट क्लियरेन्स और एनवॉयरनमैन्टल क्लियरेन्स में कोई समस्या नहीं है। ऐसी प्रोजैक्ट्स की सौ प्रतिशत फाइनेन्शियल जिम्मेदारी भारत सरकार ने ए.आई.बी.पी. से लेना तय किया और तीन साल में ये प्रोजैक्ट्स पूरे करने के लिए कहा। महाराट्र के बारे में जो बात यहां कही गई, महाराट्र की टोटल प्रोजैक्ट्स के लिए जो पैसे दिए गए, विदर्भ के बारे में यहां कहा गया, उसमें इर्रिगेशन के लिए टोटल प्रोजैक्ट्स का पैकेज 3753 करोड़ रुपये है। इसमें सिर्फ इर्रिगेशन के लिए 2177 करोड़ रुपये रखे गये हैं। ये 2177 करोड़ रुपये तीन साल में मिलेंगे और तीन सालों में सभी प्रोजैक्ट्स को करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों को दी है, क्योंकि खेती के लिए पानी सबसे महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। उस समस्या को दूर करने के लिए वहां वार फुटिंग पर प्रोग्राम लेने की आवश्यकता है, इसलिए इस तरह का काम वहां किया गया। हम यहां ही नहीं रुके हैं। एश्योर्ड इर्रिगेशन, माइक्रो इर्रिगेशन, वाटरशैड डवलपमैन्ट, वाटर हारवेस्टिंग स्कीम और चैक डैम्स

आदि के लिए हमने फाइनेन्शियल सपोर्ट दी। आज सीड्स बदलने की आवश्यकता है, इसलिए अच्छे सीड्स देकर इनकी पचास प्र ातिशत कॉस्ट भारत सरकार ने ली और पचास प्रतिशत थ्रू बैंक देने के लिए वहां कदम उठाये। इसके साथ-साथ नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन का कार्यक्रम उस जिले में चालू किया। इसके साथ ही सप्लीमैन्ट्री इन्कम उन किसान परिवारों को मिलनी चाहिए। इसलिए हर जिले में, हर साल एक हजार क्रॉस ब्रीड काउज वहां डिस्ट्रिब्यूट करने का कार्यक्रम लिया और तीन साल में तीन-तीन हजार क्रॉस ब्रीड काउज या बफैलोज देने के लिए कदम उठाये जायेंगे तथा इनकी जो कीमत होगी, उसमें पचास प्र ातिशत सब्सिडी भारत सरकार देगी और पचास प्रतिशत बैंक के माध्यम से कर्जा दिया जायेगा। इससे शुरू में किसानों पर कोई बोझ नहीं होगा। इस तरह का सप्लीमैन्ट्री इंकम देने का कार्यक्रम भी हमने रखा है।

इस तरह से ये पैकेज तैयार किये गये। ऐसे ही आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल सरकार के भी इस बारे में प्रपोजल आए हैं, और पैकेज तैयार किये गये हैं। मुझे विश्वास है कि अगले पन्द्रह दिन में आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के बारे में निर्णय भारत सरकार एनाउंस करेगी लेकिन इसमें केरल की व्यवस्था अलग है। आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक इन दोनों का ही टोटल कंसंट्रेशन इरीगेशन पर है लेकिन जहां तक केरल का सवाल है, केरल की स्थिति अलग है। केरल में हमने तीन जिले लिये हैं, जिनकी सिफारिश वहां की सरकार ने की है और दो जिले- इडुक्की और एलापुला के बारे में वहां की सरकार ने सिफारिश की है। ये नये दो जिले उन्होंने दिये हैं। इन सभी पांचों जिलों की अवस्था कर्नाटक, महाराट्र, आन्ध्र प्रदेश की, वहां की स्थिति से बहुत फर्क है। केरल में टोटल प्लांटेशन क्रॉप में कोई समस्या पैदा हुई है। पैपर देखिए, कार्डामम देखिए, इससे पहले इस देश में, खेती के क्षेत्र में इन सभी चीजों के क्षेत्र में बहुत प्रगतिशील ऐसे जिले थे मगर हमने 'सार्क- देशों के साथ एग्रीमेंट किया और यह एग्रीमेंट हमने पड़ौसी देशों के साथ रिश्ते सुधारने के लिए किया। वहां से कुछ एग्रीकल्चरल प्रोजेक्ट यहां लाने के लिए और इधर से भी इनके ऊपर से हमने टैक्सेज हटा दिए। हमारा ऑबजर्वेशन यह है कि चाहे पैपर हो, कार्डामम हो या कॉफी हो, ये सभी आइटम्स पड़ौसी देशों से दूसरे देशों से लेकर यहां आते हैं, उनके ऊपर किसी तरह का टैक्सेज नहीं है और इसीलिए इनके साथ कम्पीट करने की ताकत हमारे केरल के किसानों की अब रही नहीं है। पिछले दो-तीन वर्ा में जबर्दस्त नुकसान उनको सहना पड़ा है। इसमें कैपिटल इंवेस्टमेंट ज्यादा है और इंकम कम हो गई है, नुकसान ज्यादा हो गया है और इसलिए बोझ ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए केरल के बारे में यदि कुछ करना है तो प्लांटेशन क्रॉप पर अधिक ध्यान देना होगा। केरल की समस्या अलग समस्या है, ऐसा सोचकर इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा। इसलिए मैं सदन के माध्यम से हमारे केरल के सदस्यों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि केरल के वे तीन जिले, हालांकि इस बारे में हम फाइनल प्रपोजल करेंगे और ये प्रपोजल फाइनल होने के बाद, इन तीन जिलों के बारे में केरल सरकार और केरल के हमारे सभी सांसदों की जो डिमाण्ड है कि दो जिलों की स्थिति वैसी ही है, वह समझकर इसको भी इसमें इंक्लूड करने के लिए कोई निर्णय लेने का काम भारत सरकार करेगी और केरल को भी इसमें ठीक तरह से मदद करने के लिए हम लोगों के माध्यम से मदद करेगी। यहां यह बतलाया गया कि प्रधान मंत्री विदर्भ में गये, पैकेज की अनाउंसमेंट की गई, फिर ये आत्महत्याएं क्यों नहीं रुकीं ? आपको यह देखना चाहिए कि इस पैकेज में सबसे ज्यादा ध्यान किस पर दिया गया ? इरीगेशन प्रोजेक्ट पर दिया गया और इरीगेशन प्रोजेक्ट एक दिन में नहीं होता है। प्रधान मंत्री जी ने जुलाई महीने के पहले हफ्ते में वहां जाकर पैकेज एनाउंस किया, इरीगेशन के लिए 2000 करोड़ रुपये की एनाउंसमेंट की। इनमें से एक भी कार्य शुरु नहीं हुआ। हम यह नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह मानसून का महीना है। बारिश के दिनों में इरीगेशन का प्रोजेक्ट कभी शुरु नहीं हो सकता। इसका काम बारिश खत्म होने के बाद ही शुरु होगा और यह काम राज्य सरकार करने वाली है। इसलिए आज उन्होंने वहां एनाउंस किया और दूसरे दिन वहां काम शुरु हो गया, तीसरे दिन पानी आ गया, चौथे दिन उनकी फसल अच्छी हो गई और आत्महत्या की स्थिति खत्म हो गई। ऐसी स्थिति में यह काम हमें अगले दो-चार साल करना होगा, तीन साल का टाइम लिमिट है। इसलिए जो कुछ हो रहा है, इससे हमें खुशियां मिल रही हैं लेकिन दो दिन में यह पूरी समस्या हल हो जाएगी, इस पर मेरा विश्वास है और सदन भी इससे सहमत हो सकता है। ये आत्महत्याएं कम होनी चाहिए, इस बारे में कुछ न कुछ कदम उठाए जाने चाहिए। यह बात सच है।

ग्लोबेलाइजेशन के बारे में भी यहां कुछ बातें कही गई हैं। ग्लोबलाइजेशन से कुछ हमारे फायदे की भी बात हुई है और कुछ इसका बुरा असर भी पड़ा है। यह बात सदन में कही गयी थी कि हिन्दुस्तान का किसान अपनी खेती में कई क्षेत्रों में दुनिया में आगे गया है, जैसे India is one of the largest milk producers in the world; India is one of the largest fruits and vegetable producers in the world; India is one of the largest banana producers in the world; and India is the second largest producer of sugar in the world.

ऐसी कई एग्रीकल्चरल आइटम्स हैं जिनका उत्पादन करने में हम कामयाब हुये हैं। देश की आवश्यकता पूरी करने के बाद हमारे पास सरप्लस में है, कॉटन हमारे पास सरप्लस में है जिसे एक्सपोर्ट करने के लिये हमें दुनिया की मार्किट में जाना होगा लेकिन बाकी दुनिया के सभी देशों के साथ रिश्ते खराब करके नहीं जा सकते हैं। आपने पिछले दो सालों में देखा होगा कि टोटल एग्रीकल्चरल आइटम्स इम्पोर्ट हो गई। इस साल 17 से 20 एग्रीकल्चरल आइटम्स का एक्सपोर्ट हुआ है। पिछले साल एग्रीकल्चरल आइटम्स का एक्सपोर्ट 32 हजार करोड़ रुपये का हुआ जबकि इस साल 40 हजार करोड़ रुपये का हुआ है। इस साल किसानों की पैदावार कम हुई, फिर भी 40 हजार करोड़ रुपये की आइटम्स का एक्पोर्ट करने में हम कामयाब हुये। हमने 35 हजार लाख कॉटन बैल्स का एक्सपोर्ट किया है। मगर हमारे यहां लौंग स्टेबल कॉटन नहीं थी। इस कॉटन की हमारे टैक्सटाइल्स के लिये जरूरत थी, इसलिये 8-9 हजार कॉटन बैल्स का इम्पोर्ट किया गया। फिर भी हम कॉटन एक्सपोर्ट करने में कामयाब हो गये। इसलिये यह बात सही नहीं है कि ग्लोबवलाइजेशन का हमें फायदा नहीं मिलता।

सभापति जी, यह बात सदन में बार-बार उठी कि हमने गेहूं का आयात क्यों किया? इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि जब एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्किट एक्ट में संशोधन हुआ, उसके पहले किसानों को अपनी उपज कहीं बेचने या किसी को बेचने का अधिकार नहीं था, जो बाद में मिला। पहले गेहूं और धान मंडी में ले जाने की उनकी जिम्मेदारी थी और मंडी के लाइसेंसधारी ट्रेडर्स द्वारा उन्हें दाम दिये जाने की जिम्मेदारी होती थी। मंडी में पहले एफ.सी.आई. खरीदारी करती रही है, उसे छोड़कर कोई दूसरा खरीददार नहीं जा पाता था। किसानों को उनकी उपज का दाम तय करने में सरकार की जिम्मेदारी बनती थी और किसानों को उतना दिया जाता था। सरकार द्वारा एम,एस,.पी. तय करना पड़ता है जिसमें राज्य सरकारों की सलाह ली जाती है। यह बात भी सच है कि राज्य राज्य की कीमतों में फर्क होता है। कोई राज्य सरकार ज्यादा कीमत देती है और कोई राज्य सरकार कम कीमत देती है। इसके बाद औसतन एक ऐसी पद्धति स्वीकार की गई है। यह कहा गया कि जो एम.एस.पी. तय करने वाली बौडी है, उसमें किसानों का प्रतिनिधित्व नहीं है, यह बात सच नहीं है। किसानों को उस बौडी में प्रतिनिधित्व दिया गया है। जानकार किसानों को इसमें प्रतिनिधित्व दिया गया है। उसने जो कीमत दे दी, वह कीमत खरीद के लिये इस देश में कई सालों से चल रही है। इस साल भी इस तरह से खरीद की गई है। यह बात सही है कि सरकार ने गेहूं का दाम 650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया। हमारे पास बफर स्टाक कम था, मार्किट सैंटिमेंट्स हमारे खिलाफ थे। पहले साल किसानों को अपना गेहूं किसी को बेचने का अधिकार नहीं था लेकिन इस साल वह अपना माल मंडी में ले जाने के बजाय उसके दरवाजे पर व्यापारी और कुछ कम्पनियां खरीदने के लिये गईं। चूंकि सरकार का भाव 650 रुपये था, इसलिये वे उसे 670 रुपये देने के लिये तैयार थे। नतीजा यह हुआ कि किसान उन्हें अपना माल बेचते रहे। इस बात से किसानों को कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि कुछ पैसे ज्यादा ही मिले। अपना माल मंडी ले जाने के लिये ट्रांसपोर्ट कॉस्ट की बचत हुई, इसलिये किसानों ने खुशी से अपना माल उन्हें दिया। पहली बार उन्हें कुछ ज्यादा पैसा मिल गया। गुजरात में अच्छा हुआ और मध्य प्रदेश में तो बहुत अच्छी किस्म का गेहूं तैयार होता है जिसकी किसानों को कीमत 800-850 रुपये प्रति क्विंटल तक मिली। अगर फूड मिनिस्टर होने के नाते हमें 16 लाख मीट्रिक टन की आ वश्यकता थी तो हमारे पास केवल 9 लाख मीट्रिक टन अनाज ही आया। बाद में हमने बोनस देने शुरु किया लेकिन फिर भी हमें किसानों से रैस्पांस नहीं मिला। जब हमने किसानों को 650 रुपये से 700 रुपये देने चाहे तो व्यापारियों से किसानों को 700 रुपये से बढ़कर 735-750 रुपये प्रति क्विंटल मिले। इस प्रक्रिया से उसे ज्यादा पैसा मिला और किसानों को फायदा हुआ।

सभापति जी, हमारे नौजवान सासंद श्री हुड्डा के जो सुझाव आये हैं, हमें उन पर सोचने की आवश्यकता आ पड़ी है। वह सुझाव मुझे ठीक लगता है। दो किस्म की कीमतें हमें तय करनी पड़ेंगी। एक मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय करना पड़ेगा। डिसट्रैस सेल की नौबत किसानों पर आ गई तो सरकार को वह खरीदना है और किसानों को बचाना है। दूसरा, सरकार पीडीएस की जिम्मेदारी नज़रंदाज़ नहीं कर सकती। मगर पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन की जिम्मेदारी पूरी करने के लिए किसानों को कम कीमत देकर माल खरीदना और सरकार की सोशल स्कीम पर अमल करना किसानों के प्रॉफिट से पैसे लेकर, इसमें भी हमें बदलाव करना होगा। प्रीवेलिंग मार्केट रेट किसानों को हमें देना होगा और प्रीवेलिंग मार्केट रेट से हमें पीडीएस के लिए गेहूं, चावल खरीदना होगा, सबसिडी देनी होगी और फूड सिक्यूरिटी की समस्या दूर करनी होगी। यही रास्ता हमारे सामने है और इसमें सुधार करने की कोशिश हम करेंगे।

जो बातें यहां कही गईं, झा साहब ने कही है, जय प्रकाश जी ने कही है, हूडा जी ने कही है, येरननायडू जी ने कही है, कई साथियों ने कहा कि आज जो पैडी की प्राइस तय की है, इससे लोगों को नाराज़गी है। 600 रुपये की रिकमंडेशन हमारे पास सीएसीपी की आ गई। इसमें 10 रुपये की बढ़ोतरी कर 610 रुपये किया गया। यह बात सच है कि आइल क्राइसेज़ आने के

बाद इसमें किसानों की लागत बढ़ गई है। इसमें कुछ न कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। जो सुझाव यहां हमारे कई साथियों ने दिया है, इसको पूरी तरह से स्वीकार करना मेरे लिए इतना आसान नहीं है मगर जो सुझाव मुझे पंजाब के चीफ मिनिस्टर और कुछ साथियों से आया कि कम से कम जो 600 रुपये कीमत थी, उसमें 10 रुपये की जो वृद्धि करने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है, इसमें और सुधार करने की आवश्यकता है। आज 10 रुपये की जगह पर 50 रुपये प्रति क्विंटल ज्यादा भाव देना मैं सरकार की तरफ से अनाउंस करता हूं और 650 रुपये हम इसमें देंगे। गेहूं की कीमत तय करने की बात आएगी तो गेहूं की परिस्थिति में भी टोटल कॉस्ट देखने के बाद और खास तौर से पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बढ़ी हुई कीमतों को ध्यान में रखा जाएगा क्योंकि देश में बिजली की कमी हो गई है इससे डीज़ल का प्रैशर किसानों पर आ रहा है। ये सब बातें मद्देनज़र रखते हुए गेहूं के बारे में जो कुछ सुधार करने की आवश्यकता है, वह हम उचित समय पर करेंगे। गेहूं बोने में अभी देर है और इसकी रिपोर्ट आने के बाद हम इस पर भी ध्यान देंगे, सदन के माध्यम से मैं इस देश के किसानों को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं।

इसके साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर राज्य का विाय है। भारत सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए मगर राज्य सरकारों को भी इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आज हिन्दुस्तान में यह परिस्थिति है कि गेहूं का उत्पादन देश में पंजाब, हरियाणा, वैस्टर्न यूपी तीन राज्य करते हैं। पूरे देश की जिम्मेदारी लेने का ठेका इन तीन राज्यों ने लिया है। बाकी राज्यों को भी कुछ न कुछ जिम्मेदारी लेनी होगी। चाहे कोई भी रीजन हो, धान का हो, गेहूं का हो, सोयाबीन का हो, आइल सीड्ज़ का हो, जो कुछ कर सकते हैं वह करने के लिए हर राज्य को कुछ न कुछ जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं देश के सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों के सामने यह बात रखने वाला हूं और उनको कहने वाला हूं कि पीडीएस की पूरी जिम्मेदारी भारत सरकार लेने के लिए तैयार है मगर इसमें राज्यों की तरफ से भी कुछ न कुछ माल पीडीएस में देने की तैयारी होनी चाहिए। पूरा बोझ हरियाणा के सिर पर डालकर समस्या पैदा करना ठीक नहीं है। बाकी राज्यों को भी इसमें सहयोग देने की आवश्यकता है।

कुछ और समस्याओं के बारे में भी यहां कहा गया। इसमें से जो मुख्य बातें थीं, वह मैंने आपके सामने रखने की कोशिश की है। एक बात यहां कही गई कि अमेरिका के साथ जाकर हमने कुछ एग्रीमैंट किया है जिससे कुछ बड़ी कंपनियों की मदद होगी, इस तरह की आशंका यहां व्यक्त की गई है। यह बात सच है कि हमारे देश के प्रधान मंत्री के अमेरिका में जाने के बाद प्रैज़ीडैन्ट बुश के साथ जो अंडरस्टैन्डिंग हुई इसमें कृाि क्षेत्र में हम कैसे सहयोग दे सकते हैं, इसके बारे में भी बात हुई। यू.एस. नॉलेज इनीशियेटिव, इस तरह का एक एग्रीमैंट, भारत के साथ हो गया है।

यह इंडो-यूएस एग्रीकल्चर नॉलेज इनिशिएटिव है, ये एग्रीकल्चर नॉलेज इनिशिएटिव किस क्षेत्र में मिल कर काम करेंगे, एजुकेशन, लरनिंग रिसोर्सेस, केरीकुलम डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग, ये एजुकेशन के क्षेत्र में काम करेंगे। फूड प्रोसेसिंग, यूज़ ऑफ बॉयो प्रोडक्ट्स एंड बॉयो फ्यूअल आदि मिल कर इसमें काम करेंगे। बॉयो टैक्नोलॉजी और वाटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करेंगे। इन चारों क्षेत्रों में अमेरिका रिसर्च में ज्यादा आगे गया है। इसलिए जहां इनका लाभ हो सकता है, उसका लाभ देश के किसानों को देने के लिए इस तरह का एक एग्रीमेंट किया है और इसका काम इस साल से शुरु हो जाएगा, यह मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं।

महोदय, विदेश से गेहूं खरीद की जो बात कही गई है और यहां के किसानों से वहां ज्यादा कीमत दी है, यह सच भी है और नहीं भी है। हम जब पंजाब और हरियाणा से गेहूं खरीदते हैं तो पूरे देश में भेजते हैं और तब जो कीमत तय करने की बात आती है, उसमें टोटल कास्ट लेनी पड़ती है। प्रोक्युरमेंट चार्जेज, किसानों को जो कीमत दी है, वह, ट्रांसपोर्ट चार्जेज, गोदामों में रखने के चार्जेज और स्टोरिंग चार्जेज और उसके ऊपर इंटरस्ट, ये सब देखने के बाद जो इकोनोमिक कास्ट डोमेस्टिक व्हीट इस साल का 11276 रुपए है, ये फाइनल कीमत, भारत सरकार की हिन्दुस्तान में जो खरीद है, वह हम लोगों को पड़ रही थी। हमने जो पहला लॉट परचेज किया, उसकी कीमत 9978 रुपए पर-टन है, दूसरे लॉट में 12261 रुपए है और यह यहां के खर्चे से 15 रुपए कम है। इस तरह दूसरे लॉट की कीमत मिली। तीसरा लॉट, जो अभी खरीदना होगा, उसकी कीमत बढ़ेगी, क्योंकि इंडिया इतने बड़े पैमाने पर खरीदता हैं, यह देखने के बाद दुनिया की मार्केट में कीमत ऊंची गई है और उसकी कीमत हम लोगों को देनी पड़ेगी। मगर जब टोटल पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हमारे पास तीन या चार मिलियन टन गेहूं कम है तो ऐसी परिस्थिति में हम दुनिया से गेहूं यहां लाकर अपना बफर स्टॉक ठीक तरह से नहीं करेंगे तो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और फूड सिक्योरिटी की समस्या आएगी। स्थिति कोई भी आए, मगर देश के गरीब लोगों को पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के माध्यम से हम अनाज नहीं दे सकते, यह परिस्थिति हम बर्दाश्त नहीं कर सकते और इसलिए मैं इम्पोर्ट के खिलाफ बिल्कुल हूं। जब मेरे ऊपर इम्पोर्ट करने का डिसीजन

आया, यह नौबत आई तो मुझे नींद नहीं आई। इम्पोर्ट के खिलाफ मेरी जो भावना है, वह मेरे सामने थी। इस देश में बड़े पैमाने पर गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के भूख की समस्या मेरे सामने थी और अगर वह समस्या हल करनी है तो हमें यहां अनाज लाना होगा। जिस तरह हम बाहर से एडीबल ऑयल लाते हैं, उसी तरह इस साल गेहूं लाने की भी आवश्यकता है, यह बात हमारे सामने आई और यह डिसीजन हम लोगों ने लिया। मगर मैं माननीय सदस्यों को विश्वास दिलाता हूं कि हम अगले साल-दो-साल में इस पर इतना ध्यान देंगे कि गेहूं का उत्पादन इस देश में बढ़ सकता है तथा देश की जो रिकवायरमेंट है, वह देश में ही पूरी हो सकती है और इससे किसान को ज्यादा पैसे मिल सकते हैं। इस तरह इस सैक्टर में हम कदम उठाएंगे, यह विश्वास में माननीय सदस्यों को दे सकता हूं।

महोदय, खेती के साथ-साथ हार्टीकल्चर के लिए ज्यादा पैसे दिए। डेयरी सैक्टर और फिशरी सैक्टर को मजबूत करने के लिए कुछ कदम उठाएं। जिस तरह नेशनल डेयरी डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन लाल बहादुर शास्त्री जी के जमाने में बनाई थी, उसी तरह फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड की स्थापना की गई। हैदराबाद में सात-आठ हैड क्वार्टर्स हैं, अगले महीने वहां भी हम इसका काम शुरु कर रहे हैं। फिशरीज़ के क्षेत्र से भी किसान को, उस क्षेत्र में काम करने वाले मछुआरों की हम किस तरह मदद कर सकते हैं, इस पर ध्यान दिया जाएगा। इसलिए हमें एक तो उत्पादन बढ़ाना है और इसकी ठीक तरह से प्रोसेसिंग के लिए कोई बंदोबस्त करना, इसकी मार्केटिंग की परिस्थिति ठीक करना और खेती उत्पादन के लिए जो लागत लगती है, वह किसानों को ठीक तरह से, कम इंटरस्ट पर मिलने के लिए प्रबंध करना, इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए पानी का प्रबंध करने के लिए ज्यादा इनवेस्टमेंट करना, इन सभी क्षेत्रों में ध्यान देना और दूसरा सप्लीमेंट्री इंकम, वह चाहे डेयरी, फिशरी, पोल्ट्री या सुअर पालन के माध्यम से हो, ये किस तरह किसानों को दे सकते हैं, इस पर भी ध्यान देना। इस तरह से कार्यक्रम बना कर हम आगे बढ़ रहे हैं।

सभापति महोदय, मुझे विश्वास है कि अगले दो साल में परिस्थिति में बदलाव आने की स्थिति आएगी और जिन किसानों को फूड सिक्योरिटी की सफलता के लिए आत्महत्या करनी पड़ रही है, उससे उन्हें छुटकारा मिल सकेगा।

...(<u>व्यवधान</u>)

सभापति महोदय : कोई स्पटीकरण नहीं होगा। बहुत समय हो गया है। इसलिए स्पेशल मेंशन भी अब संभव नहीं है। जो माननीय सदस्य जीरो आवर का विाय उठाना चाहते हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि वे उसे टेबल पर प्रस्तुत कर दें। उनका वह विाय रिकॉर्ड पर चला जाएगा।